सूर्योदय प्रातः 6:16 | सूर्यास्त संध्या 5:02 | पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. तृतीया, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 14°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 04 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 289, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,845.75 | 597.67 (0.74%) |
| निफ्टी | 24,457.15 | 181.10 (0.75%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 76,760.00 |
| चांदी | 1000.00 |

# न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नये आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज कराना बहुत मुश्किल था, लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जायेगा, जब पीड़ित सहमत होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नये आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नयी न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा में मील ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

# हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें।



फ्लाईओवर निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित किया जा सके, इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ अभियान चलायेगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**नयी दिल्ली** : बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा ने मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचाया है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने इन घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए न्याय की मांग की और इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए अभियान शुरू किया है। मंच ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ चुप्पी नहीं साधी जायेगी। इसके साथ ही मंच ने सम्भल में हुई हिंसा और मौत के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की गंदी राजनीति को जिम्मेदार ठहराया है। मंच ने सम्भल और अजमेर के मामले में लोगों से शांति सद्भाव सौहार्द बनाये रखते हुए संविधान और न्यायपालिका पर विश्वास बनाये रखने की अपील की है।

मंच ने मांग की कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत ● शेष पृष्ठ 11 पर

# वित्त मंत्री ने लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 किया पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को पेश किया। इस विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम 04 नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा में पेश करते हुए सदन को बताया कि प्रस्तावित संशोधनों से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा और इसके साथ ही नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के सम्बन्ध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी। इस विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम 04 नामांकित ● शेष पृष्ठ 11 पर



## तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित

**प्राकृतिक** तेल एवं गैस उत्खनन के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने सहित इस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से लाये गये तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 को मंगलवार को राज्यसभा ने पारित कर दिया। हरदीप सिंह पुरी ने सदन में इस विधेयक पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बड़े निवेश की जरूरत होती है। गहरे समुद्र में एक तेल का कुआं बनाने पर 10 करोड़ डॉलर ● शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रेरणास्थल पर आन्दोलनरत 700 किसान गिरफ्तार, पुलिस लाइन ले जाये गये

एजेंसी

**नोएडा** : अपनी मांगों को लेकर आन्दोलनरत 700 से ज्यादा किसानों को दलित प्रेरणा स्थल से पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सभी किसानों को गिरफ्तार कर सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन ले जाया गया। मौके पर 4,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान किसान जय जवान, जय किसान के नारे लगाते रहे। किसान नेताओं का कहना है कि अब आन्दोलन और भी ज्यादा उग्र हो सकता है। पुलिस किसानों को अपने साथ पुलिस लाइन ले गयी, जिसके बाद किसान संगठनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सिसौली में आपातकालीन ● शेष पृष्ठ 11 पर

### ■ भाकियू ने सिसौली में बुलायी बैठक




## एक झलक

### उपप्रमुख अफसाना प्रवीण ने डीसी रांची से की मुलाकात



**पिस्का नगड़ी** : उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने उपायुक्त रांची मंजू नाथ भजंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती प्रवीण ने नगड़ी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न समास्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त रांची ने श्रीमती प्रवीण की बातों को काफी गंभीरता से सुना तथा स समय समस्या के समाधान हेतु आश्वासन दिया। साथ ही साथ उपायुक्त रांची ने श्रीमती प्रवीण को कहा किसी भी तरह की समस्या हो,आप हमसे आकर कभी भी मिल सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 पर आम जनता को शिकायतों से सम्बंधित जानकारी देने हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने को कहा।

### जुबिली कॉलेज की टीम एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने हजारीबाग गयी




**भुरकुंडा** : विनोबा भावे यूनिवर्सिटी अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-2025 में भाग लेने के लिए जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के खिलाड़ी संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग गये। जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसकेएस झा और खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार सहित शिक्षक -शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। बताया जाता है कि संत कोलंबा कॉलेज में 4 दिसंबर 6 दिसंबर तक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जुबिली कॉलेज से कोच नवीन कुमार के नेतृत्व में कुल 16 खिलाड़ी रवाना हुए हैं। जिसमें अंजलि मुंडा, आकृति उरांव, अनुराधा कुमारी, मुस्कान विश्वकर्मा, सोनी कुमारी, भारती कुमारी, पूजा कुमारी, गीता कुमारी, अंजली कुमारी, अंशिका कुमारी, सिमरन भारती, विशाल मांझी, मुन्ना बेदिया, विकास उरांव, राजेंद्र उरांव, कृष्ण कुमार मुण्डा, शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल



**भुरकुंडा** : ओपी अंतर्गत भुरकुंडा मेन रोड पर हॉस्पिटल कॉलोनी के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की शाम मुकुल प्रसाद पिता स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद उम्र 50 वर्ष अपनी बाईक जेएच 24 एल 6970 से भुरकुंडा की तरफ जा रहे थे इसी क्रम में सविता मेडिकल के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाईक पर सवार मुकुल प्रसाद के सिर में गंभीर चोटआई है। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से भुरकुंडा हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### चैनगड्डा में अनियंत्रित बोलेरो पलटने से दो घायल



**भुरकुंडा** : भदानीनगर ओपी के भुरकुंडा-रामगढ़ मार्ग पर चैनगड्डा में आईडीबीआई बैंक के समीप मंगलवार को एक बेलेरो के पलट जाने से सवार दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को दोपहर बाद एक बेलेरो (जेएच 02 बीएच 9286) भुरकुंडा की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रही थी। इसी क्रम में चैनगड्डा आईडीबीआई बैंक के समीप मवेशी को बचाने के क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और पलट गया। जिससे बोलेरो पर सवार सीसीएल अरगड्डा एरिया के अधिकारी स्टाफ ऑफिसर (ईएंडएम) संजीव झा और ड्राइवर अरूण यादव घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची भदानीनगर पुलिस बोलेरो को जब्त कर ओपी ले आयी।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच बांटे गये, स्वेटर, दस्ताना एवं गिफ्ट हैंपर

# दिव्यांगजनों को बनाना है सशक्त : निर्मल भारती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को सृजन हेल्प एनजीओ, कुम्हार टोली, पहाड़ी टोला रांची में दिव्यांग बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा उनके बीच स्वेटर, दस्ताना एवं गिफ्ट हैंपर का वितरण किया गया। इस अवसर पर झालसा अंडर-सेक्रेटरी, निर्मल कुमार भारती, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, पीएलवी विक्की चौधरी,



राजा वर्मा समेत डालसा के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झालसा अंडर - सेक्रेटरी, निर्मल भारती ने कहा कि वर्ष 1992 से संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की क्षमता का उत्सव मनाना, उनसे जुड़े मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना तथा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में लाना है और उनके अधिकारों की रक्षा करना है और प्रशासन द्वारा लायी गयी सभी कल्याणकारी योजनाओं से उनको पंजीकृत कराकर उनको सशक्त बनाना है, जो कि समाज के लिए अति महत्वपूर्ण है। डालसा सचिव, कमलेश बेहरा ने कहा कि समाज के सभी व्यक्ति का प्रयास होना चाहिए कि सभी दिव्यांगजन पूर्ण अधिकारों के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधि में भाग ले सकें तथा अन्य व्यक्तियों के साथ अपने सामर्थ्य एवं विशिष्टताओं के आधार पर अपनी पहचान बना सकें। श्री बेहरा ने यह भी कहा कि माननीय झालसा के निर्देश पर डालसा तथा जिला प्रशासन के सहयोग से समय-समय पर दिव्यांग जनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं एवं दिव्यांगजनों को चिन्हित कर निरंतर डालसा द्वारा प्रशासन की मदद से उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाता है एवं उनके बीच दिव्यांग उपकरण का भी वितरण किया जाता है, और आगे भी माननीय झालसा के निर्देश पर किया जायेगा। दिव्यांगों को अपने हक को दिलाने के लिए झालसा व डालसा हमेशा प्रयासरत रहता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांगों को भी उचित शिक्षा और रोजगार पाने का अधिकार हैं। अंतराष्ट्रीय विकलांगता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है शारीरिक अथवा मानसिक रूप से निशक्त लोगों के सोच को सकारात्मक कर एवं उनके साथ-साथ समाज के सभी वर्गों की भागीदारी व सहयोग को प्रोत्साहन देकर दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा में लाया जा सकें।



देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी 'भारत रत्न' डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर राजेन्द्र चौक (डोरंडा) स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुऐ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

## बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध 05 को रामगढ़ में विशाल जनसभा और जनाक्रोश रैली

- गोला प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में सनातनी शामिल होकर हिन्दू एकता का परिचय दें : गोतम महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के महादेव मंडा में मंगलवार को राष्ट्रीय सनातन समाज गोला ईकाई का बैठक का आयोजन हुआ।इस बैठक में सभी हिन्दू संगठन के पदाधिकारी,मठ मंदिर के समिति और अखाड़ा के लोग शामिल हुए। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर हो रहे लगातार अत्याचार, हत्या, हिन्दू महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हिन्दू साधुओं कि गिरफ्तारी के विरुद्ध 5 दिसम्बर को रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान में विशाल हिन्दू जनसभा और आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें गोला प्रखंड क्षेत्र से भी अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू शामिल हो इसको लेकर तमाम हिन्दू संगठन के लोग गांव गांव जाकर बैठक कर रहे हैं। कार्यक्रम के सह संयोजक गौतम महतो ने कहा है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के उपर लगातार हो रहे अत्याचार, हिन्दूओं का नृशंस हत्या, हिन्दू साधुओं की गिरफ्तारी की जा रही है। बांग्लादेश के हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध उनकी रक्षा की मांग को प्रखंड क्षेत्र के सभी हिन्दू शामिल होकर हिन्दू एकता का परिचय दें। बजरंग दल के जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के तमाम हिन्दू संगठन, सनातन धर्मी, राष्ट्रवादी देश भक्त,साधु संत, पुजारी, अखाड़ा,मठ मंदिर समिति से निवेदन है कि 5 दिसम्बर 2024 को दिन 11:00 बजे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँच विशाल जनसभा और आक्रोश रैली में पहुँचकर सनातनी एकजुटता का परिचय दे। इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह जीतू थानेदार, बजरंग दल मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर, रामा करमाली, कुंदन कुशवाहा, संतोष पांडेय, दीपक मिश्रा, आशिष शर्मा, प्रितम रजक, प्रेम प्रजापति,सिकेंदर महतो आदि मौजूद थे।

### करंज टोली में मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**बेड़ो** : प्रखंड के करंज टोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को पंचायत की मुखिया सुशांति भगत ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है।जहां केंद्र की सेविकाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के अलावा गर्भवती धात्री महिलाओं का गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खानपान के बारे में जानकारी दी जाती है। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सरस्वती देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। मौके पर सुशील भगत सहायिका सीता कुजूर व ग्रामीण मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच लिंग आधारित हिंसा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**लापुंग** : राजकिय मध्य विद्यालय ककरिया में जेएसपीएलस की जीसीआरपी बिरिजनीया बालमोच व चांदमुनी के द्वारा स्कली छात्र छात्राओं के बीच लिंग हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही शपथ दिलाई गई। महिलाओं को सम्मान अधिकार , बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ जैसे नारे लगाकर जागरूक किया गया। मौके पर स्कूल के शिक्षक मौजूद रहें।



### भालू के हमले में चार ग्रामीण घायल, मिला मुआवजा



**लापुंग** : लापुंग प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भालू का आंतक लगातार देखने को मिल रहा है। इधर कुछ महिनों के दौरान दर्जन भर ग्रामीणों को भालू ने हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। वहीं ताजा मामला सोमवार की सुबह जातालोया कुसुम टोली निवासी चार ग्रामीणों को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। जिसमें करमी देवी, करमचंद मुंडा व बिरसा मुंडा व पतरस बारला शामिल हैं। सभी का इलाज लापुंग सीएचसी में किया गया। वहीं मंगलवार को वन विभाग फोरेस्टर भुपेंद्र प्रसाद, रामकिशोर सिंह व संजय भगत ने पहुंचकर घायलों को तीन तीन हजार तत्कालीन मुवावज दिया ।

### एला एंग्लाइज स्कूल में मनी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : एं'ला एंग्लाइज स्कूल में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी श्रद्ध सुमन अर्पित किए। अवसर पर कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर आधारित नाटक, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। वहीं प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक महान नेता और भारत के पहले राष्ट्रपति थे। उनकी जीवनी हमें जीवन में सादगी के साथ सत्य और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनके आदर्शों पर चलकर ही देश और समाज की उन्नति संभव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार विश्वकसेन, सूरज देव सिंह, मिथलेश बेदिया, कंचन दास, राजन कुमार, अजित शर्मा, कंचन सोनी, अजित सिन्हा, गौरव कुमार साहू, सिद्धार्थ कुमार, सुजय कुमार, रूचि सिंह, प्रियंका पटेल, सीमा कुमारी, सुमन खलखो, चंचला कुमारी, काजल बनर्जी, नीतू सिंह, बबीता सिंह, प्रिया कुमारी, ललिता कुमारी, शबाना, सोनी सरिता सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

## 30 किसानों के बीच गेंहू बीज का हुआ वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली लैंपस लिमिटेड के द्वारा मंगलवार को 50 प्रतिशत अनुदान में गेहूं बीज प्रभेद एचडी - 2967का वितरण विभिन्न पंचायत के 30 किसानों के बीच किया गया। जहां गेहूं बीज पाकर किसान काफी उत्साहित थे। किसानों ने लैम्पस के पदाधिकारीयों एवं सरकार को धन्यवाद दिया। किसानों ने कहा कि अभी रबी फसल का समय है और सही समय में सरकार बीज मुहैया करा रही है बहुत ही सराहनीय कदम है। वही लैम्पस के अध्यक्ष चरवा उराव ने कहा कि लैम्पस कार्यालय में किसानों के लिए गेहूं बीज उपलब्ध है। किसान यथाशीघ्र आकर बीज उठाव कर सकते हैं। बीज वितरण कार्यक्रम में लैम्पस के प्रबंधक गोयंदी उराईन, पड़हा राजा विशाल उरांव, कृष्ण गोप, जनसेवक महादेव लकड़ा, जूनस टुटी, ग्रामप्रधान राम प्रसाद लोहरा ,वार्ड सदस्य मुन्नी उराईन, दिलीप उरांव विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा, कांग्रेस पार्टी के पंचायत मंडल प्रभारी भीम गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर किसान प्रफुल्ल लकड़ा, बसंत गोप, विकास महतो, विश्वनाथ लोहरा, लाखो उरांव, लोहरा महतो, माया मुंडा, विनोद गोप, महावीर महतो, चानी महतो, गोयंदा उरांव, एतवा उरांव उपस्थित थे।

### डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की डी.एल.एड. के छात्र/छात्राएं रहे अव्वल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा(लारी)के डी.एल.एड. (सत्र-2022-24) की झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल में होली कुमारी 87.64 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अरुप कुमार 85.86 प्रतिशत अंकों से द्वितीय तथा आरती कुमारी एवं सुधा कुमारी 85.71प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की। महाविद्यालय की मातृसंस्था जन आकांक्षा सोसाइटी के सचिव मनिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार तथा प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ.शिवकुमार राणा एवं बी.एड. शिक्षकों में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ.अशोक राम, डी.एल.एड. प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमारी दुबे, बाबुचंद प्रसाद, सतीश कुमार बिन्द ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग राहत सेवा केन्द्र झारखंड ने किया कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महावीर नायक स्थानीय नागपुरी कलाकार द्वारा गीत संगीत का आयोजन किया गया, इस दौरान प्रखंड के तमाम पंचायत से सैकड़ों दिव्यांग महिला, पुरूष एवं बच्चों को कंबल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंगल मारूती परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा, विडिओ धीरज कुमार, उप प्रमुख हरदेव साहू उपस्थित हुए।अतिथियों ने दिव्यांग जनों का उत्थान एवं सहयोग के लिए हर संभव सहयोग करने और योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाने की बात कही। दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड के अध्यक्ष दिनेश नायक, सचिव रतन मुंडा एवं कोषाध्यक्ष सुनील राम ने दिव्यांगों के लिए लगातार राहत शिविर लगाकर दिव्यांगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करते हैं।मौके पर झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, संजय महतो, जगेश्वर मुंडा, सुमन महतो, प्रकाश मुंडा, शविना खातुन, सावित्री कुमारी, यशोदा देवी, सुरेश महतो, सीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### अपने बलबूते नेत्रहीन बच्चों को दिव्यांग कर रहे हैं शिक्षित

## दिव्यांग किसी के मोहताज नहीं, वे अपने बलबूते मिसाल कायम कर रहे हैं : अंचल अधिकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला ग्राम के केनके स्थित दिव्यांग नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी गोला, समरेश प्रसाद भंडारी ने दिव्यांगजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज दिव्यांगजन किसी के मोहताज नहीं हैं। वे अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर समाज के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी के अलावा हुप्पु पंचायत के मुखिया प्यारेलाल महतो ने कहा कि दिव्यांगों में दिव्य शक्ति का गुण उनके अंदर में कूट-कूट के भरे होते हैं, जो समय आने पर वह निखर कर समाज को एक आईना दिखाते हैं। कार्यक्रम में डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुरेश राम ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संस्था की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिले में 20 दिव्यांगों का सूचना पेनियोर सेंटर संचालित हैं, जहाँ तकनीकी प्रशिक्षण और डिजिटल उपकरणों की मदद से दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये केंद्र दिव्यांगजनों को घर बैठे आजीविका कमाने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाने में मदद कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को उनके उपलब्धियों के अनुसार सम्मानित किया गया। साथ ही, ग्रामीणों को दिव्यांगजन कल्याण की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में तकनीकी और सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग देवेंद्र प्रसाद बेदिया ने किया। दिव्यांग युवा विकास समिति सह दिव्यांग नेत्रहीन आवासीय विद्यालय केनके गोला के कोषाध्यक्ष सुदामा महतो, अध्यक्ष शंकर महतो, सचिव बिस्टू महतो, समाज सेवी सत्यदेव महतो, कुमारी, सानतो कुमारी, बसंत बिहारी सिंह, देवेंद्र राम ने मुख्य भूमिका निभाई। मौके पर नेत्रहीन शिक्षक मितंनजय महतो एवं फागू महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### रस्साकशी बालक जूनियर एवं सीनियर में संत कबीर पब्लिक स्कूल की टीम बनी विजेता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : जनकल्याण समर्पण संस्थान के तत्वाधान में सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में चल रहे खेल महोत्सव 2024 के दसवें दिन बालक वर्ग सीनियर और जूनियर रस्सा कस्सी खेल में संत कबीर पब्लिक स्कूल सिकिदिरी की टीम बनी विजेता और जेकेएसएस की टीम उपविजेता रही, मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने दोनो टीमों के कप्तान और खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि 100 से अधिक स्पधाओं का खेल महोत्सव वो भी अपने प्रयास से करना अकल्पनीय है निश्चीत रूप से संस्थान एतिहासिक कार्य कर रही है हमारा हर तरह का सहयोग और समर्थन हमेशा आयोजन सामिति को रहेगा। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना सहित ढेर सारी बधाई। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, महासचिव सत्यपाल राउत, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, गोविंदा कुमार, ब्रज किशोर प्रसाद, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, ओम प्रकाश कुमार, सुरेंद्र लोहार, नागेश्वर महतो, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, बिट्टू बाबा, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, सोनू साहू, उमाकांत शुक्ला रोहित कपटदार, राहुल कपटदार, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार, सोनू साहू आदि मौजूद रहे।

### उज्जैन से नागा साधु पहुंचे झारखंड शिवसेना कार्यालय

### शिवसेना राज्य प्रमुख दीपक सिंह को महाकुंभ में आने का साधुओं ने दिया न्योता



**बेड़ो** : झारखंड शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह से उनके आवास स्थित गड़गांव चचगुरा स्थित कार्यालय में मंगलवार को उज्जैन महाकाल की नगरी से आए नागा साधुओं ने प्रयागराज में होने वाले प्रत्येक 12 साल में लगने वाले महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। मौके पर नागा साधु ने शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह को आशीर्वाद देते हुए रामायण और महाभारत से मिलने वाले ज्ञान का वाचन कराएं। इसके अलावा दीपक सिंह ने नागा साधुओं से कई धार्मिक ज्ञान का प्राप्त किए।

### जशपुरिया डीएलएड सत्र 2022-24 का शानदार प्रदर्शन, 96 प्रतिशत रिजल्ट रहा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : जशपुरिया बीसा रांची बीएड. कॉलेज के डीएलएड. सत्र 2022-24 ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 96 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस सफलता से कॉलेज का मान बढ़ाया और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। कॉलेज टॉपर्स राहुल रौशन ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर अमूल कुमार ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया और लिली नागद्वर ने 82.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया। कॉलेज के अध्यक्ष श्री जैलेंद्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को सफल छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस उत्कृष्ट परिणाम ने हमारे संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। यह प्रशिक्षुओं और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। यह सफलता उनके उज्वल भविष्य की ओर एक कदम आगे है। निदेशक डॉ. शालिनी प्रिया ने कहा छात्रों की यह उपलब्धि हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में भी हम इसी प्रकार की सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। जशपुरिया बीएड. कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर अपने छात्रों की सफलता के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित किया है।

## एक झलक

### अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर दिव्यांग्जनों व वरिष्ठ नागरिकों के बीच बांटा सामान



**रांची :** मंगलवार को SAIL-RDCIS रांची ने 'अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस' के उपलक्ष्य पर नामकुम प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत भवन में 50 दिव्यांग्जनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वॉकर, घुटने का बेल्ट, कमर का बेल्ट, सिलिकॉन कुसन इत्यादि प्रदान किया। SAIL-RDCIS ने यह आयोजन अपने सीएसआर योजना के तहत अछ्क्टउड के साथ मिलकर किया। इस मौके पर सेल के तरफ से सीजीएम (एचआर) एवं सीएसआर हेड एस जे जाचक, डीजीएम (सीएंडएम) गोपाल कृष्णा, सेल सीएसआर से राहुल श्रीवास्तव, लक्ष्मण कुमार एवं निखिल उरांव उपस्थित थे। ALIMCO के तरफ से अविनाश सिन्हा और विवेक उपस्थित थे। कुटियातु पंचायत की मुखिया निशा उरांव के साथ साथ अंजलि, ज्योति, संतोषी, किरन तथा अन्य महिलाओं ने इस मौके पर अपने अपने स्तर से इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### दिव्यांगता दिवस पर जागरूकता सह रैली कार्यक्रम का आयोजन



**रांची :** मंगलवार को अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी, रांची में कोशिश स्पेशल स्कूल के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता सह रैली कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 :30 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम का शुरूआत बच्चों ने बैनर तले स्कूल प्रागण से अरगोड़ा मैदान तक पैदल मार्च करते हुए गए और विभिन्न पोस्टटर के माध्यम से दिव्यांग जनो के लिए जागरूकता सह रैली करते हुवे मैदान के चारो और गए। मैदान में जाकर दिव्यांग बच्चों ने खूब मस्ती किये और घूमे और खुश हुवे। इस कार्यक्रम के दौरान इस कोशिश के सभी सदस्य और स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिका लोग भी उपस्थित हुवे और बच्चों में कृष्णानु रॉय, मानी सहाय, सिद्धार्थ सहाय,तन्मय सिंह,वितिका, तुरजो, अनुभव, राज, इशिका, मनीषा, मंजूषा, अंशु, कृष, आदि।

### एचडी कुमार स्वामी से संजय सेठ ने की मुलाकात



**रांची :** नयी दिल्ली में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात किया। रांची स्थित एच.ई.सी. के पुनरुद्धार सहित कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि बहुत जल्द ही एचईसी के मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी और सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई का आकस्मिक निधन, संजय सेठ ने जतायी संवेदना



**रांची :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा जी के बड़े भाई भीमसेन मुंडा जी के असामयिक निधन पर भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है यह सूचना अत्यंत दु:खद है। ईश्वर पूरे परिवार को दु:ख की इस घड़ी से उबरने की हिम्मत दें। पुण्यात्मा के लिए ईश्वर से मोक्ष की कामना करता हूं।

### उपायुक्त ने की डीसीसी, डीएलआरसी व ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति के साथ बैठक

# सम्बन्धित बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की




समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। उपायुक्त रांची ने KCC ऋण के बारें में जानकारी लिया जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया की KCC ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 जिसमें सितंबर तक 34512 KCC ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया हैं। मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। आरएसईटीआई एवं आरयूडीएसईटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर एक कमिटी गठित करने जिसमें उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया। जिसमें उद्योग विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक खरछ्ढर एवं अन्य विशिष्ट प्रबंधन संस्थान एवं उरफ के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट संस्थानों को जोड़कर उनके अनुभवों, तकनिकी ज्ञानों का लाभ लेने का निर्देश दिया गया। ताकि लोगों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिल सकें। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की आजीविका संवर्धन के लिए झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी कार्य करती हैं, इसके लिए इसके अंतर्गत आने वाली जितनी महिलाऐं हैं, उनका मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कराए ताकि उन्हें लाभ मिलें।



परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी मार्ग रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

## झारखंड स्कॉय मार्शल आर्ट टीम का चयन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेगी भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** दिनांक 07 से 09 दिसंबर 2024 तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकुला, चंडीगढ़ में स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्कॉय एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने जा रही 24वीं कैडेट, सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता के लिए झारखंड स्कॉय टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 05 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस टीम में विभिन्न वर्गों के उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके नाम निम्नलिखित हैं: चुमकी मुर्मू, खुकुमनी टुडू, चंपावती सोरेन, अनुपमा टुडू, ललिता बास्के, सबिता मुर्मू, नमिता सिंह, सीता रानी मुर्मू, सोनाली हेंब्रम, आंचल तिर्की, नीतू केरकेट्टा, एलिन डांग, अमायरा सिंह, अनाया सिंह, अतुल किरो, रोजलिन टोप्पो, अनीषा कुमारी, सूरज बड़ाइक, अकय टोप्पो, दयाराम मेहर, उमंग कुमार, सौभाग्य सिद्धार्थ, रिशु राज, मनीष कुमार, अजीत कुमार, साहिल लोहरा, विक्की कुमार, कृष्णा कुमार, मानविक सिंह, आयुष कुमार, स्वरित सिंह, शिवांश सिंह और शशि शेखर। झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ियों को स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के डॉ. राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, सुमित वर्मन, परवाज खान, मो. आमिर, रफिया नाज, रोहित यादव, नीरज वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, कीर्ति कुमार, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक और अभिषेक शुक्ला आदि ने बधाई दी है। टीम को शुभकामनाएं देते हुए पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के स्कॉय मार्शल आर्ट कौशल को निखारने और राज्य का नाम रोशन करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

## सीएम से मिलीं डॉ. अजिता भट्टाचार्य



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डॉ. अजिता भट्टाचार्य, सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## एक्सआईएसएस में सेंट फ्रांसिस जेवियर एसजे की याद में फीस्ट डे पर्व आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**रांची :** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, ने मंगलवार को अपने संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर एसजे का पर्व मनाया। इस अवसर पर संस्थान के फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों ने पवित्र यूखारिस्ट समारोह में भाग लिया और अपने संरक्षक संत से आशीर्वाद प्राप्त किया, जिन्होंने अपने छोटे लेकिन प्रेरणादायक जीवनकाल में अनेक लोगों के जीवन को छुआ। भारत के प्रेरित संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध संत फ्रांसिस जेवियर 1542 में भारत आए और लगभग 10 वर्षों तक नि:स्वार्थ रूप से परमेश्वर का वचन फैलाने के लिए कार्य किया। उनका ताबूत गोवा के बॉम जीसस बेसिलिका में सुरक्षित है। समारोह का संचालन संस्थान के निदेशक डॉ जोसफ मरियानुस कुजुर एसजे ने किया। श्रद्धांजलि स्वरूप उन्होंने सुसमाचार पर विचार करते हुए कहा, ?मनुष्य को यदि सारा संसार प्राप्त हो जाए लेकिन अपनी आत्मा खो दे तो उसे क्या लाभ होगा?? उन्होंने यह भी कहा कि संत फ्रांसिस जेवियर ने हमेशा समाज की सेवा को चुना और हमें भी उनके आदर्शों का पालन करते हुए सही निर्णय लेने का प्रयास करना चाहिए। डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एसआईएसएस, ने फादर अशोक कंडुलना और फादर निकोलस बारला के साथ प्रार्थना में समुदाय का नेतृत्व किया और यह दोहराया कि हमें संत फ्रांसिस जेवियर के गुणों को आत्मसात करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। मास के दौरान बाइबल से पहला और दूसरा पाठ पढ़ा गया और निदेशक ने संक्षिप्त प्रवचन दिया। उन्होंने पूरे संस्थान परिवार के कुशल-क्षेम के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन सभी कैथोलिक सदस्यों को पवित्र यूखारिस्ट वितरित कर किया गया।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में मैत्री फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नामकुम स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल रांची एवं दीपशिखा स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मनोरंजक मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन नामकुम रोड स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में खेला गया। इस अवसर पर दोनों स्कूलों के बच्चों ने बड़े उत्साह से मैच खेला।टीम भावना मैदान में क्या होती है।इसे खेल के माध्यम से बच्चों ने समझा। इस फुटबॉल मैच के दौरान बच्चों ने समझा कि एकता में ही बल होता है। हमारी व्यक्तिगत शक्ति कम या अधिक हो सकती है लेकिन अगर हम मिल जाएं तो बड़े मिशन को भी अंजाम दे सकते हैं।सामाजिक सौहार्द के इस मूल मंत्र को बच्चों ने बहुत बारीकियों से समझ ही लिया। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए खेल के मैदान में स्कूल के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, दीपशिखा स्कूल की एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री सुधा लीला, प्रेसिडेंट सुश्री मंजू गुप्ता, प्राचार्या गोपिका आनंद संयुक्त रूप उपस्थित रहे।

## डीएवी हेहल में उपछात्र परिषद का अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की उच्चतर माध्यमिक शाखा में उपछात्र परिषद का अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. मिश्रा ने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को बैच और पटका (शैश) पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हेड बॉय ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को निष्पक्षता और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। प्राचार्य श्री मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि,छात्र परिषद के सदस्यों को अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना चाहिए क्योंकि अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत, अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है।?उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और विद्यालय के नियमों का पालन करते हुए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ए के अमरेश, एन के दुबे,ज्योति श्रीवास्तव, सुनील सिंह,संजय मण्डल, सोवन देव चक्रवर्ती,मौसमी मजूमदार,अनुश्री सिन्हा आदि के साथ छात्रों-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी भाग लिया और नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## 130वां श्रीसुन्दरकाण्ड-श्रीहनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ व भजन-संकीर्तन का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा मंगलवार को हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में 130वां श्रीसुन्दरकाण्ड-श्रीहनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ व भजन-संकीर्तन का दिव्य आयोजन हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्रीहनुमान जी महाराज की पावन दिव्य अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके केशरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद भोग अर्पित किया। श्रीनारनोली ने श्री रामचरितमानस महाग्रन्थ का पूजन - वन्दन करके पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पुष्पा देवी पोद्दार ने केशरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद व मुकेश मित्तल गिरीगोला की सेवा निवेदित की। पाठ वाचक ने श्रीगणेश वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करवाकर श्रीसुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। ढोलक, ढफली,आरगन, झांझा,कडताल के स्वर के साथ भावपूर्ण पाठ हुआ।

## आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिल कर सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

**जो इस प्रकार**

- बीपीएड कोर्स सत्र 2025/ 26 से शुरू की जाये
- एसएस मेमोरियल कॉलेज एवं रामलखन सिंह यादव कॉलेज की बिल्डिंग अभिलंब बनाया जाय
- पिछले वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट सार्वजानिक की जाए
- रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सार्वजनिक बीमा कराया जाय
- हर वर्ष छात्र संघ चुनाव करवाने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाये
- मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाये
- रांची विश्विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार अभिलंब स्थाई रूप से खोला जाये
- विश्विद्यालय में झारखंड होम गार्ड की सेवा पुन रूप से बहाल की जाये

कुलपति महोदय ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक लिया और जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, सौरभ शर्मा, बबलू महतो, पवन सिंह, आनंद यादव, राजेश सिंह, बबलू मंडल अभिषेक, ऋषभ, पुरुषोत्तम, अभिषेक, आर्यन, दीपक, निशांत, राहुल इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## मथुरा प्रसाद महतो व सुरेश पासवान ने की सीएम से मुलाकात, दीं शुभकामनाएं





**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुरेश पासवान ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## 'प्रस्तावित भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, झारखंड) के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण झा के नेतृत्व में दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डॉ मजहरूल हक एवं डॉ ओम प्रकाश ने झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची के कुलसचिव डॉ घनश्याम सिंह से राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रस्तावित भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक दिवसीय सेमिनार हेतु वार्ता किया ओर उन्हें गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कैनवास पेंटिंग को भेंट किया। डॉ घनश्याम सिंह ने संरक्षक मंडल के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सहमति प्रदान किया। साथ ही बतलाया कि झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के साथ मिलकर टीचर्स ट्रेनिंग से संबंधित एक्टिविटी को करेगा और समय समय पर प्रशिक्षुओं में प्रभावी गुणात्मक विकास हो के लिए एक्सपर्ट टॉक के माध्यम से सहयोग करेगा। सेमिनार के सचिव डॉ मजहरूल हक ने बतलाया कि सेमिनार में झारखंड, बिहार, उतर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, छत्तीसगढ़ प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं विद्वानों को भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर व्याख्यान होगा। प्रतिनिधि मंडल ने कुलसचिव झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी से महाविद्यालय में विश्वविद्यालय का एक अध्ययन केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी दिया।

# लिगल सर्विसेज क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं न्यायायुक्त, रांचीदिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में मंगलवार को झारखंड राय युनिवर्सिटी, नामकूम, रांची में लिगल सर्विसेज क्लिनिक का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर अमित शेखर, एजेसी-15, कमलेश बेहरा, डालसा सचिव एवं पीएलवी विक्की चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। लिगल सर्विसेज क्लिनिक का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। अमित शेखर, एजेसी-15 ने कहा कि देश भर में विधिक सेवा क्लीनिकों की स्थापना करना, ताकि देश के विधि छात्रों को कानून के तहत



अपने अधिकारों और उपायों के बारे में अनभिज्ञ जनता की समस्याओं से परिचित कराया जा सके। गरीबी और असमानता की पृष्ठभूमि में संविधान में निहित ह्लसामाजिक आर्थिक और राजनीतिकह्व न्याय के आदर्शों को प्राप्त कराया जा सकें। जागरूकता शिविरों, सेमिनारों, वाद-विवाद, कानूनी परामर्श, पोस्टर निर्माण और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से छात्रों और आम लोगों के बीच कानूनी जागरूकता फैलाना ही उद्देश्य हैं। उन्होंने आगे लीगल सर्विसेज क्लिनिक के बारे में कहा कि प्रत्येक विधिक सेवा क्लिनिक में परामर्श की सुविधा के लिए संस्थान के भीतर कम से कम एक सुसज्जित कमरा होना चाहिए छात्रों के लिए एक कार्य केंद्र होगा, अंत में धन्यवाद ज्ञापन डालसा सचिव श्री कमलेश बेहरा ने किया और उन्होंने कहा कि विधिक सेवा क्लिनिक में लोगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। प्रत्येक विधिक सेवा क्लिनिक में एक या अधिक सदस्य होंगे, जिनके पास कानूनी शिक्षा में विशेष कौशल और रुचि होगी, जो समुदाय में जाकर लोगो को जागरूक करे।

## राजद विधायक दल के नेता ने देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयन्ती पर डोरंडा राजेंद्र चौक पर किया माल्यार्पण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के 140 वें जन्म जयंती पर प्रदेश राजद की ओर से डोरंडा राजेंद्र चौक स्थित उनके मूर्ति पर राजद विधायक दल नेता सुरेश पासवान प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुरेश पासवान ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद देश के विद्वान राजनेता थे संविधान ड्राफ्ट कमिटी बनाने में और देश के विकास में अहम योगदान दिया था। कैलाश यादव ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद सिवान जिरादेई हमारे ग्रामीण थे। उनका जमीन का प्लॉट और हमारा एक क्षेत्र से सटा हुआ है। मुझे (कैलाश यादव) और देश को गर्व है कि इतने महान विभूति के सपने को एक संकल्प के रूप में लेकर राजनीतिक सामाजिक मार्गदर्शन पर काम करने की जरूरत है। मौके पर निर्मल कुमार रोहित तिर्की पप्पू खान जाकिर खान प्रमोद यादव नवीन यादव सुमन देव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### प्रवासी मजदूर का शव गांव जोबर फुसरो पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

**विष्णुगढ़ :** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर फुसरो के मजदूर निवासी कोकील महतो के पुत्र सरजू कुमार महतो की तिरुपति जिले में रविवार को दो मंजिले की ऊंचाई पर पाइप सफाई के कार्य के दौरान गिर जाने से मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ हैं। मृतक सरजू कुमार महतो तिरुपति में इलेक्ट्रो स्टील टेस्टिंग के कॉन्ट्रैक्टर राधा रानी इंटरप्राइजेज द्वारा कंपनी में काम करता था। वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वहीं इस घटना की सूचना पाकर जिपसदस्य सह जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री सरयू पटेल, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, मिडिया प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद महतो, आजसू पार्टी के युवा प्रखंड अध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि पिंटू कुमार, प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली, मास्टर घनश्याम महतो, नारायण महतो जेएलकेएम विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, मुकेश कुमार, सिकंदर कुमार यादि ने परिजनों से मिल कर संवेदना प्रकट की है।

### विभावि मे शोध पर कार्यशाला आज

**हजारीबाग :** आनुभाविक डेटा संग्रहण तथा इसके महत्व' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में 4 दिसंबर को पूर्वाहन 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार कार्यक्रम को बतौर मुख्य संरक्षक तथा मुख्य वक्ता सुशोभित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन समाज विज्ञान विभागों के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। कार्यशाला में भाग लेने के लिए लगभग 85 शोधार्थियों ने अब तक पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता को बढ़ाना है। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ गंगा नाथ झा ने दिया।

### मुखिया ने नये कार्यालय का किया उद्घाटन

**चरही :** मंगलवार को हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने फुसरी स्थित बजरंग चौक के पास नए कार्यालय का विधिवत पूजा पाठ करते हुए उद्घाटन किये, इस दौरान उन्होंने लोगों से बात करते हुए बताया कि, इस कार्यालय को लोगों की परेशानियों को देखते हुए खोला गया है, इसे खुलने से हमारे पंचायत के ग्रामीण जनता को साइन मोहर इत्यादि, पंचायत से जुड़े किसी भी तरह के परेशानियों का सामना न करना पड़े, और हमारा पंचायत सुचारू ढंग से चल सके, मौके पर मुंतज़िर अंसारी, विनोद कुमार केसरी, विकास सिंह, मुमताज अंसारी, आबिद अंसारी, मनोज प्रजापति,रामप्रवेश कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

### शराब ढुलाई में प्रयुक्त चोरी की दस बाइक बरामद

**चौपारण :** शराब ढुलाई में प्रयुक्त चोरी के 10 बाइक को चौपारण पुलिस ने सोमवार को जप्त की। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम परसातरी में मुन्ना यादव के घर पर संदिग्ध अवस्था में 10-12 की संख्या में मोटरसाइकिल खडा है जो चोरी का हो सकता है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के दिशा निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी चौपारण के द्वारा किया गया तथा ग्राम परसातरी में छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में मुन्ना यादव के घर से 10 मोटरसाइकिल बरामद किया गया जो कि बिना नम्बर का है। मुन्ना यादव के ही घर पर मोटरसाइकिल मरम्मती का एक गैरेज भी है। गैरेज के मालिक के भी संलिप्ता के बिन्दु पर जांच की जा रही है।

# डेंटल कॉलेज एवं मिशन हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को शहर के महावीर स्थान चौक में निशुल्क दंत जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 32 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस



मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डॉ अभिमन्यु, नर्सिंग विभाग से अजरा, रेशमी, रोजी, लैब विभाग से बिट्टू एवं नेत्र विभाग से राहुल ने अपना सरहानीय योगदान दिया। हुए कहा कि देश के आजादी के समय अर्थात विभाजन के समय 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं, सिखों, जैनों एवं बौद्धों की अच्छी खासी संख्या थी, जो अब नगण्य हो चुका है। यही स्थिति अब बांग्लादेश में भी होने जा रही है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इस कुकृत्य में खुले तौर पर शामिल है। अगर हम सभी अभी भी सचेत नहीं होंगे तो हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमें ही कोसेंगी। बताया कि बांग्लादेश में यह संयोग नहीं प्रयोग किया जा रहा है और अगला निशाना भारत होगा। आयोजन को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका प्रकाश गुप्ता, बासुदेव प्रसाद, डॉ. चेतलाल प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, आर्य समाज से आचार्य कौटिल्य, सीख समाज से सुरजीत सिंह, दीपक जैन, पवन जैन, हीरालाल राम जी, इस्कॉन से केशवानंद महाराज, रामलखन मुंडा, महेन्द्र बेक, नरेश खंडेलवाल, सुमेर सेठी, अमरदीप यादव, मनमीत अकेला, विनोद कुमार, हर्ष अजमेरा सहित अन्य है।

## दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का हिस्सा है, इनकी देखभाल करना हम सभी का कर्तव्य : डॉ. प्रवीण श्रीनिवास



**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा रामगढ़ के सुकरीगाड़ा लारी स्थित आवासीय दिव्यांग विद्यालय में दिन मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का लगाया गया। इसमें दिव्यांगों बच्चों को दंत-अध्ययन किट एवं कपड़ा का भी वितरण किया गया। दंत चिकित्सकों ने दिव्यांग बच्चों की दांतों की जांच कर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। आवासीय दिव्यांग विद्यालय के बच्चों ने शतप्रतिशत शिविर का लाभ उठाया। विद्यालय के प्रबंधकीय टीम ने शिविर से प्रभावित होकर जमकर डेंटल कॉलेज एवं चिकित्सकों का प्रशंसा किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों में दांतों की जांच एवं कपडा पाकर मंद मुस्कान के संग आत्मीय खुशी की झलक दिखी। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का हिस्सा है। इनकी देखभाल प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों में दिव्य गुणों का वास होता है। इनकी दिव्य गुणों से हमारे समाज को काफी लाभ मिलता है। दिव्यांग बच्चों का हमेशा आदर व सत्कार करें।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमला के खिलाफ बंद रहीं दुकानें

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** जब से बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को अपदस्थ किया गया है, बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ गया है। पिछले तीन माह से अधिक समय से सड़कों पर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किया जा रहा है और मठ मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। लगातार हो रहे हमलों के खिलाफ देश के साथ साथ विदेशों में भी उबाल है। मंगलवार को हजारीबाग में भी लोग सड़कों पर उतर कर विरोध जताया और भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को बाहर करने की मांग उठाई गई। इस दौरान पूरा शहर स्वतः बंद रहा और लोगों अपनी अपनी प्रतिष्ठानें बंद कर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सर्व सनातन समाज द्वारा सांकेतिक बंद बुलाया गया था। सुबह करीब दस बजे से लोग कर्जन ग्राउंड पहुंचने लगे थे और दिन के साढ़े 12 बजे शांति मार्च प्रारंभ हुआ। लोग हाथों



में तख्ती घर से लेकर आए थे और बांग्लादेशी घुसपैठिएं को बाहर निकालों, उन्हे भोजन पानी, काम और राशन देना बंद करो, हिदुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान का नारा लगाए जा रहे थे। शांति मार्च सरकारी बस स्टैंड होकर बुढ़वा महादेव पहुंची और फिर वहां से अनंदा चौक, छठ तालाब होकर झंडा पहुंची। यहां स पुन : बंशीलाल चौक होकर कर्जन ग्राउंड पहुंचकर सभा संपन्न हो गई। इससे पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया और मंच से वक्ताओं ने भविष्य के भारत, भारत के सामने चुनौतियां, धार्मिक जेहाद, लव जेहाद, बांग्लोदेशी घुसपैठ और सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे जनसंख्या बदलाव की भी जानकारी दी। बांग्लादेश में हो रही हमले को इस्लामिक साजिश करार देकर इसके खिलाफ हिंदु जनमानस को एकजुट होकर उठ खड़ा होने के लिए आह्वपन किया गया। समारोह में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के साथ साथ बरही विधायक मनोज यादव, सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जुड़े विभिन्न संगठन, समाजिक संगठन और सनातन जाति से संबंधित विभिन्न जाति के लोग भी शामिल हुए।

# वरिष्ठ कांग्रेसी सत्येन्द्र नारायण सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एआइसीसी के पूर्व सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व मंत्री स्वः तापेश्वर देव के निजी सचिव रहे सत्येन्द्र नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजली दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने शोक संदेश में कहा कि आजीवन कांग्रेसी रहे सत्येन्द्र नारायण सिंह एआईसीसी सदस्य के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। इनके निधन से कांग्रेस ने एक सच्चा सिपाही खो



दिया है साथ ही साथ इनके निधन से कांग्रेस की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति तत्काल संभव नहीं । शोक सभा के अंत मे दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठिन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य तथा सहनशक्ति प्रदान हो इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव प्रदेश सचिव बिनोद सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बेबी देवी, सुनिल अग्रवाल, संजय तिवारी, परवेज अहमद, गुड्डू सिंह, मनिषा टोप्पो, दिलीप कुमार रवि, अनिल भुईंया, मुस्ताक अंसारी, बाबु खान, अर्जुन सिंह, सदरुल होदा, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, सैयद अशरफ अली, बबलू अंसारी, उषा देवी, अमर सिंह यादव, राजू यादव, उदय पाण्डेय, अजय सिंह, अजित सिंह, अधिवक्ता इजहार हुसैन के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया की अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर की हत्या

**बरही :** हजारीबाग जिला अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के पूर्व मुखिया उदय साव की बीते सोमवार रात करीब 9 बजे हजारीबाग के व्यस्त पुलिस लाइन क्षेत्र के पीछे कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी और घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी और स्थानीय लोगों में भय व आक्रोश का माहौल है। जिसके बाद बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने इस निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की अपील की और कहा कि ऐसी घटनाओं से समाजिक एकता कमजोर होती है।

# शिक्षिका ने माता की पुण्यतिथि पर छात्रों को वितरित किया स्वेटर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** 03 दिसम्बर पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सलगांवा, कटकमदाग की टीजीटी भूगोल शिक्षिका आशा कुमारी ने अपनी दिवंगत माता स्वर्गीय राधिका देवी की तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर विद्यालय के प्रथम वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं को स्वेटर तथा अन्य लेखन सामग्री का वितरण किया। विद्यालय की शिक्षिका आशा कुमारी ने बताया कि वे अपने माता की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष जरूरतमंद लोगों की सहायता करती है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष उन्होंने ओल्ड एज होम में रह रहे बुजुर्गों को उक्त अवसर पर विशेष भोजन कराया था। उक्त अवसर पर आशा कुमारी के पति महेंद्र कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे। इस नेक कार्य में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस कार्य हेतु शिक्षिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से कि समाज में एक बेहतर संदेश जायेगा कि हम सब सामाजिक जिम्मेवारी में भी अपना योगदान दे रहे हैं। विद्यालय के बच्चे भी स्वेटर तथा लेखन सामग्रियों को प्राप्त कर अत्यंत खुश दिखे।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती धूमधाम से मनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत रत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती धूमधाम से प्रधान कैफेटेरिया वैभवी बैंक्वेट हॉल मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान व संचालन बैजनाथ लाल ने किया। कार्यक्रम से पहले जयंती दिवस पर शोभायात्रा निकाला गया जो प्रधान कैफेटेरिया से बंशीलाल चौक, झंडा चौक, शास्त्री चौक से जिला परिषद चौक से होते हुए भी सी आवास के समीप स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिसके बाद शोभायात्रा पुनः प्रधान कैफेटेरिया पहुंचा। जिसके बाद भगवान चित्रगुप्त की आरती हुई तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत हुआ। मंच के कार्यक्रम में बारी बारी से वक्ताओं ने देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश




डाला वहीं कायस्थ समाज के युवक युवतियों को अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया इस दौरान डॉ प्रभात कुमार प्रधान के पी एच डी की उपाधि प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया वहीं चित्रगुप्त मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों को मंदिर निर्माण में अपनी सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जुड़े जोड़े और जुड़ाव रख एक दूसरे के सुख दुख में सहभागी बनते हुए समाज को आगे ले जाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएं। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान ने कहा कि देश के आजादी से लेकर भारत के नव निर्माण में भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के सबसे अलग पहचान रहा है उन्होंने देश को बुलंदियों तक ले जाने के लिए अपना सर्वस्व योगदान दिया आगे उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज के प्रणेता रहे स्वामी विवेकानंद, राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, जय प्रकाश नारायण सहित दर्जनों ने देश को आगे ले जाने के लिए अपनी अहम भूमिका अदा की है।

# मंईयां योजना के फॉर्म भरने के लिए प्रखंड कार्यालय में उमड़ी भीड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमसांडी :** आचार संहिता समाप्त होते ही मईयां योजना के लाभ पाने को लेकर महिलाओं की भीड़ प्रखंड कार्यालय में उमड़ने लगी है। महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों से मईयां योजना का भरे हुए फॉर्म को कन्फर्म करने के लिए रोज सैकड़ो की संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंच रही है। मगर सर्वर डाउन की शिकायत सुनने के बाद मायूस होकर अपने घर भी लौट रही है। महिलाओं का कहना है कि प्रखंड कार्यालय पहुंचने के बाद काम नही होने से समय व पैसे की बर्बादी होती है। अनुबंध के आधार पर नियुक्त एक ऑपरेटर के भरोसे कार्य निष्पादित हो रहा है। हमे यह कहकर बरगलाया जाता है कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र



के सुदूरवर्ती इलाके, मसलन ढौठवा, आराभुसाई, शाहपुर, रेबर, बाझा, डांटो, पेलावल, रोमी, खुटरा, पबरा, लुपुंग, हेदलाग, गदोखर, बलियंद, कंचनपुर, कंडसार, नवादा, डांड़ आदि जगहों से प्रखंड कार्यालय पहुंचे महिलाओं को मायूस घर लौटने का दर्द देखा गया। लोगों का कहना है कि महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए प्रखंड प्रशासन की ओर से निर्देशितअपने अपने पंचायत के सचिवालयों में ही योजना से सम्बन्धित समस्याओं का निपटारा होने से महिलाओं की परेशानियां कम हो सकती थी।

# आभार सह आशीर्वाद यात्रा के दौरान मांडू विधायक ने समर्थकों का जताया आभार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के आभार सह आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन सर्वप्रथम विष्णुगढ़ के जमनीजारा में पूजा अर्चना करने के बाद विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक तिवारी महतो, अंचल अधिकारी नित्यानंद दास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधायक कार्यालय सह जनप्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत विधायक के द्वारा पांच दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक श्री महतो ने कार्यालय पदाधिकारीयों को



दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के विकास कार्यों में तेजी लाएं। तत्पश्चात आभार सह आशीर्वाद यात्रा को आगे बढ़ाते हुए विधायक श्री महतो ने प्रखंड के भेलवारा, मुरगांव, उरगी, चलनिया, बेड़ाहरियारा, बारा, गैंडा, अलपीटो एवं हेठली बोदरा का दौरा किया। अल्पिटो में समाजसेवी रमेश यादव एवं पंसस भीखन रविदास के द्वारा विधायक श्री महतो को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद आभार सह आशीर्वाद यात्रा के तहत प्रखंड के गोविंदपुर एवं नवादा का भी दौरा किया गया। इस दौरान मांडू विधायक तिवारी महतो ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी, बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और कहा कि बिना किसी पक्षपात के वह क्षेत्र के हित में निरंतर कार्य करेंगे।

## जिला प्रशासन की उदासीनता का दंश झेल रहे हैं जिले के 24000 दिव्यांग : सीटू

**हजारीबाग :** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सी पी आई एम जिला कमेटी ने उपायुक्त को लिखा आठवां पत्र सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू और जिला कमेटी सदस्य तपेश्वर राम, ईश्वर महतो लक्ष्मी नारायण सिंह, गुलाब साव, सुरेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से उपायुक्त हजारीबाग को लिखा है कि जिले में 24000 दिव्यांग सर्वेक्षित है जिन्हें सरकार पेंशन देती है. इन दिव्यांगों के चौमुखी विकास के लिए केंद्र सरकार ने विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 बनाया इसका लाभ और अधिक दिव्यांगों को मिले इसलिए केंद्र सरकार ने 2016 में उपरोक्त अधिनियम में संशोधन कर और इसको विस्तार दिया।

# तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चरही :** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के तापिन साउथ परियोजना के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र के महाप्रबंधक (समन्वय) एमपी सिंह के द्वारा बैलून का गुच्छा उड़ा कर तथा वॉलीबॉल कीक मार कर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग क्षेत्र के सभी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय सलाहकार तथा कल्याण तथा सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य सहितकई अधिकारी, कर्मचारी आदि कार्यक्रम को संयुक्त रूप उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीम ने हिस्सा भाग लिया है। पहले दिन का इस प्रतियोगिता के पहले मैच में कथारा बनाम बरका सयाल के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच पांच दिसंबर को खेला जाएगा। फाइनल मैच में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि हर्षनाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल मुख्यालय, रांची होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीएल मुख्यालय राँची से प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन पल्लब चक्रबर्ती, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक), उमेश चंद्रा प्रबंधक (कार्मिक), पीयूष, सहायक प्रबंधक (सीडी), चंद्रिका प्रसाद, अश्विनी कुमार, निर्भय दुबे, आदित्य कुमार, तथा पूरे कार्मिक विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# अदाणी एंटरप्राइजेज को तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

- हजारीबाग के बड़कागांव में गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर पहलों और उनके परिणामों को मिली मान्यता
- स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तीकरण और सतत ऊर्जा की पहल के लिए मिला सम्मान

**बड़कागांव (हजारीबाग) :** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं। भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को




दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली। गोंदुलपारा में टीबी पोषण अभियान जैसी पहल के माध्यम से अदाणी एंटरप्राइजेज समुदाय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो तपेदिक से प्रभावित लोगों की मदद करता है। एक मोबाइल मेडिकल यूनिट भी दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पहुंच में सुधार होता है। परियोजना 'ममता' माताओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करती है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित महिला सहकारी संस्था, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एमयूबीएसएस, कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे उनके समुदायों में आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिलता है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के दूरदराज के बसी बरधा गाँव में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की, ताकि बिजली से वंचित स्थानीय लोगों को अभिनव प्रकाश समाधान प्रदान किया जा सके। अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किये गये। इसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामनाथ अठावले और पुरी से संसद सदस्य संबित पात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजक ब्रांड होन्चोज के नेतृत्व और अरुण मिश्रा ने पुरस्कार प्रदान किये।

## एक झलक

### बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही बर्बरता के खिलाफ धरना : प्रदर्शन

धनबाद: बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे बर्बरता के खिलाफ मंगलवार को हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत सरकार बांग्लादेश की सरकार को हिंदुओं को सुरक्षा देने के लिए कहे एवं वहां हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत की निंदा करें। बांग्लादेश को स्मरण दिलाए कि वह लियाकत नेहरू पैक्ट मानने को बाध्य है। बांग्लादेश को चेतावनी दें कि बांग्लादेश को भारत ने बनाया है एवं चाहे तो भारत उसका अस्तित्व मिटा सकता है। जो हिंदू भारत आना चाहते हैं उनको आने दें। बांग्लादेश में अन्यायपूर्ण गिरफ्तार स्वामी चिन्मय कृष्णवास ब्रह्मचारी को तत्काल मुक्त किया जाये।

### अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में डीएवी सिन्दरी के बच्चों ने लहराया परचम

सिन्दरी (धनबाद): डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई सहोदय स्कूलों के द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में धनबाद के 32 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के आदित्य नारायण और शौर्य पाठक ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा में प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने दोनो बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चें प्रतिभा के धनी हैं और इनका भविष्य उज्जवल है। आवश्यकता इस नूर को तरास कर कोहिनूर बनाने की है। डीएवी पब्लिक स्कूल बच्चों को निखारने में सतत लगा हुआ है।

### राजेंद्र बालिका में याद किये गये डॉ राजेंद्र प्रसाद व खुदीराम बोस को

कतरास (धनबाद): मंगलवार 03 दिसंबर को राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास में डॉ.राजेंद्र प्रसाद व खुदीराम बोस जी की जयंती मनाई गई। विद्यालय में राजेंद्र प्रसाद एवं खुदीराम बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान उत्तम मुखर्जी ने राजेंद्र जी से जुड़े बातों पर चर्चा कर उन्हें नमन किया। प्राचार्या सुमन मिश्रा ने छात्राओं के बीच उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। मौके पर राजेंद्र आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मातादीन अग्रवाल, दीपाली खातून, स्नेहलता पांडे, वीणा पांडे, अजीत कुमार, दीपा हजारी, सुमित चंद्रा, सौमित्र सर आदि उपस्थित थे।

### हाईवा के कारण कब तक होती रहेंगी दुर्घटनाएं: स्थानीय ग्रामीण

धनबाद/निरसा: निरसा स्थित मैथन पॉवर लिमिटेड (एमपीएल) अधीनस्थ चलने वाले हाईवा के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। हाईवा के कारण न जाने कितने निर्दोष लोग काल के गाल में समा गये, लेकिन फिर भी प्रबंधन, विभिन्न हाइवा एसोसीएशन, जन प्रतिनिधि की तरफ से कोई ठोस एवं उचित कदम नहीं उठाया गया।

जिसके कारण हो रही सड़क दुर्घटना में कमी आए। सोमवार की संध्या भी निरसा के लखिमाता मोड़ के समीप हाइवा चालक की गलती के कारण भाल्जोरिया निवासी बाइक सवार राहुल रॉय बुरी तरह से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। आनन फानन में स्थानीय लोग एवं प्रशासन ने घायल राहुल कों धनबाद के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। जैसे ही घटना की सूचना घायल के परिजनों कों मिली परिजन एवं ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त बाइक एवं घायल व्यक्ति के इलाज के खर्चा की मांग कों लेकर परिचालन ठप कर दिया और निरसा के खुदिया फाटक टर्निंग पॉइंट पर बैठ गए। जिस कारण एमपीएल के अंतर्गत चलने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। इधर इस आलोक में स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस मार्ग पर एमपीएल के अंतर्गत चलने वाले भारी वाहनों का परिचालन होता है वो ग्रामीण सड़क है न की एमपीएल की निजी सड़क है।

# टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन ने मनाया दिव्यांगता दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने बाघमारा प्रखंड के स्पर्श केंद्र, जामाडोबा और मलकेरा सामुदायिक केंद्र में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उनकी दृढ़ता की भावना का जश्न मनाया। इस वर्ष की थीम थी-समावेशी और सतत भविष्य के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना। इस थीम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि धनबाद जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. मंजू दास ने दिव्यांग व्यक्तियों के प्रयासों और जागरूकता बढ़ाने में उनकी दृढ़ता की सराहना की और दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए। असाधारण कार्य के लिए 15 दिव्यांग व्यक्तियों को आउटडोर नेतृत्व प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह स्पर्श केंद्र, जामाडोबा में सहायक उपकरणों के वितरण और मुख्य अतिथि के संदेश के साथ हुई। दोपहर के समय केक कट कर की, रस्म के बाद मलकेरा में दिन भर के कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिव्यांगों को उनके दैनिक सहयोग और देखभाल के लिए 31 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आलोक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, टाटा मेन हॉस्पिटल, जामाडोबा, श्वेता मिश्रा, हेड एडमिनिस्ट्रेशन झरिया डिवीजन टाटा स्टील, संतोष कुमार महतो, क्षेत्रीय सचिव आरसीएमयू, पीयूष कुमार, सीनियर एरिया मैनेजर एचआरबीपी, सिजुआ ग्रुप और सुजीत कुमार झा, सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी, झरिया डिवीजन शामिल थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगों के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाना और सभी लोगों के लिए समान अवसरों और निष्पक्ष व्यवहार की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में राजेश कुमार, यूनिट लीड टीएसएफ जामाडोबा, रवि झा, सीनियर मैनेजर सिक्योरिटी, विकास कटारिया, मैनेजर सिक्योरिटी सिजुआ ग्रुप, बंदी गायत्री, मैनेजर माइनिंग भेलाटांड़ कोलियरी, बिपिन चौधरी, मैनेजर, कम्युनिटी डेवलपमेंट, विकास, डॉ. बी पात्रा, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. देबब्रत दास, मैनेजर, पब्लिक हेल्थ, एस.एम. त्रिगुनाइट और गिरीश महतो, समन्वय समिति सदस्य और विनोद रजक, मुखिया, मलकेरा दक्षिण पंचायत, और सबल टीम से लक्ष्मी कुमारी, अजय पासवान और राज कुमार शामिल थे।

## विकलांगता अभिशाप नहीं : अमित अग्रवाल



**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को झरिया बीआरसी भवन में दिव्यांग बच्चों के बीच बैग, वस्त्र, केक, टॉफी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना से हुई। मारवाड़ी युवा मंच झरिया अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा 03 दिसंबर को पूरे विश्व में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है। विश्व विकलांग दिवस के लिए पहली बार वार्षिक ऑब्जरवेशन की घोषणा यूनाइटेड नेशंस ने जनरल असेम्बली रेजोल्यूशन में 1992 में किया था। जिसके बाद से यह दिन विकलांग दिवस, विकलांग व्यक्तियों के प्रति करुणा, आत्म-सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने के समर्थन के उद्देश्य के तौर पर मनाया जाता है। यह उत्सव समाज में समानता के लिए है और खासकर उस वर्ग के लिए है जो इच्छाशक्ति एवं मानसिक बल में सामान्य लोगों की तुलना में कई गुना ज्यादा सक्षम हैं। संसार में दिव्यांग आज हर तरह के कार्य कर रहे हैं और ये लोग अब कई मामलों में आगे जा चुके हैं। इस उत्सव के अवसर पर हमें दिव्यांगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल असीम अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, सचिव राजेश अग्रवाल, सुमित खेतान, राहुल अग्रवाल, समाजसेवी बिक्रमा यादव, निर्मल अग्रवाल, मनोज सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# जगजीवन नगर में इंडिया थेरेपी सेंटर का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** डॉक्टर कॉलोनी जगजीवन नगर, ब्रह्माकुमारी के सामने 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इंडिया थेरेपी सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। जिसमे मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यूओ अनीता कुजुर, डीसीपीओ साधना कुमारी, डॉ. उमेंद्र कुमार, डॉ. हसन अंसारी, डॉ. अलका चौधरी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी पूजा रानी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सुलेखा कुमारी, ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट आभाष कुमार , स्पीच थैरेपिस्टबृजेश कुमार और फिजियोथैरेपिस्ट अंशु गिरी तथा सचिव अनिता अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल, पिंकी शर्मा, कौशल अग्रवाल आदि शामिल थे। इंडिया थेरेपी सेंटर के प्रतिनिधि प्रतिक अग्रवाल ने बताया कि यह केंद्र धनबाद में पहली बार दिव्यांग बच्चों और वयस्कों को एक ही छत के नीचे विभिन्न सेवाएं प्रदान करेगा। इनमें स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, बिहेवियर थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन, वोकेशनल ट्रेनिंग, एक्वा थेरेपी, प्ले थेरिपि,आर्ट और क्राफ्ट थेरिपि और काउंसलिंग जैसी सेवाएं शामिल हैं। इस अवसर पर प्रतिक अग्रवाल ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी दिव्यांग बच्चा किसी भी थेरेपी से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इंडिया थेरेपी सेंटर दिव्यांग व्यक्तियों को उनके विकास और स्वालंबन बनाने में सहायता प्रदान करेगा। यह पहल दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों के लिए वरदान साबित होगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लायेगी।

# जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ गोष्ठी का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/ महुदा (धनबाद) :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं क्रिया द्वारा मंगलवार को जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ पंचायत सचिवालय छत्रुटांड़ में एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में दर्जनों किशोरियों, महिलाओं, दिव्यांग एवं एकल महिलाओं ने भाग लिया। उक्त गोष्ठी में उपस्थित ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने उपस्थित प्रतिभागियों के बीच जेंडर आधारित दृश्य-अदृश्य हिंसा पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आज पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ जेंडर आधारित दृश्य-अदृश्य हिंसाएं हो रही है। जिसे हम देख पाते हैं और नहीं भी देख पाते हैं। जो हिंसाएं हमारी नजर में है उसपर खुलकर विरोध लाजमी है। जेंडर आधारित हिंसाओं से व्यक्तिगत एवं समुदाय प्रभावित होता है। आज महिलाओं एवं किशोरियों पर कई तरह की हिंसा हो रही है उनमें से एक ऑनलाइन हिंसा भी है। जिससे सतर्क एवं सावधान रहकर ही बचा जा सकता है। ऑनलाइन हिंसा से आर्थिक सामाजिक और मानसिक रूप से समाज प्रभावित होता है। जेंडर आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए अपने परिवार से पहल करें। लड़का लड़की में भेदभाव नहीं करना चाहिए, उन्हें उनका अधिकार से वंचित न करें। गोष्ठी का संचालन पूजा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन गुलनाज बानो ने किया। इससे पहले सभी प्रतिभागियों का स्वागत कोर्डिनेटर पूजा कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कोर्डिनेटर नईमुद्दीन अंसारी, फिल्ड कोर्डिनेटर माला कुमारी, चंदा कुमारी, उषा देवी, उर्मिला देवी, नीलम प्रभा, रेणु देवी, देवंती देवी, लक्ष्मी देवी, रश्मि कुमारी, लीला देवी, नमिता देवी, शीतल कुमारी, निक्की कुमारी, खुशबू कुमारी, कशीश, रिंकी, दिप्ती कुमारी आदि थे।

# बीआईटी सिन्दरी में मानव रहित हवाई प्रणाली, सेंसर व संचार के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स पर बूटकैम्प का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा एक बूटकैंप का आयोजन किया गया । बूटकैंप में शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने मानव रहित हवाई प्रणाली ,सेंसर और संचार प्रौद्योगिकियों की प्रगति पर चर्चा किया। बूटकैंप का उद्घाटन बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ पंकज राय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में डॉ पंकज राय ने आधुनिक अनुप्रयोगों में हवाई प्रौद्योगिकियों के बढते महत्व पर जोर दिया। आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रो. रवि कुमार गंगवार और प्रो. जयसिंह ने भी विचार व्यक्त किए। मेंटर डॉ वरुण चौधरी, कुंदन कुमार सुमन और अक्स राज ने प्रतिभागियों के बीच किट का वितरण किया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के सभी वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. इम्तियाज अहमद, डॉ. एपी सिन्हा मौजूद रहे।

## उन्नत विनिर्माण तकनीकों पर छह दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के धातुशास्त्र विभाग ने उन्नत विनिर्माण तकनीकों की जानकारी के लिए 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इसमें उन्नत प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो औद्योगिक उत्पादन के भविष्य को आकार दे रही है। धातु विभाग के प्रमुख डॉ. बी एन राय ने मंगलवार को कार्यशाला का नेतृत्व करते हुए उन्नत विनिर्माण के औद्योगिक दक्षता और स्थिरता को बढाने में परिवर्तनकारी क्षमता को उजागर किया। कहा कि हम प्रतिभागियों को तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करेंगे। प्रो. सुमित शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सार्थक चर्चाओं और ज्ञान का आदान प्रदान कर प्रतिभागियों को नवाचार और सहयोग के लिए प्रेरित करना है।

# शहीद स्मारक पर 49वां शहीद दिवस मनाने की तैयारी शुरू

कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पथरडीह (धनबाद) :** चासनाला साउथ कॉलोनी स्थित शहीद स्मारक परिसर में मंगलवार की संध्या शहीद स्मारक समिति एवं शहीदों के परिजनों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें 27 दिसम्बर 1975 को (इस्को) सेल की चासनाला डीप माईन खान में हुई भीषण खान दुर्घटना में शहीद हुए 375 खनिकों की शहादत दिवस पर 27 दिसम्बर को 49 वां शहीद दिवस मनाने को लेकर भव्य तैयारियां करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शहीद स्मारक समिति ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद स्मारक स्थल पर 49 वां शहीद दिवस मनाने के लिए भव्य तैयारियां करने का घोषणा किया है। तथा तैयारियां शुरू कर दिया है। विदित हो कि चासनाला कोलियरी के डीप माईन गहरी खान में 27 दिसम्बर वर्ष 1975 को प्रथम पाली में ब्लास्टिंग के दौरान पानी का डैम फटने से हुई दुर्घटना में 376 खनिकों ने जल समाधी ले ली थी। जिन शहीदों की याद में प्रतिवर्ष 27 दिसम्बर को शहीद स्मारक बेदी पर शहीदों के परिजन सेल अधिकारीगण व गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है। बैठक में परितोष मंडल, मिनहाज आलम, समीर मंडल, चन्द्रनाथ घोष, मो. बेलाल शेख, सुरेश दास, सलाउद्दीन अंसारी, बिपिन चक्रवर्ती, मनोज बाउरी, गुलाम अंसारी, रउफ खान आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# झरिया में हर घर में लोगों तक पानी पहुंचना हमारी प्राथमिकता : रागिनी सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया विधानसभा में प्रत्येक घर तक पेय जल पहुंचने के लिए विधायक रागिनी सिंह संकल्पित है। उक्त बातें मंगलवार को विधायक रागिनी सिंह ने सिंह मैंशन स्थित आवासीय कार्यालय में रागिनी सिंह ने उन्हें जीत की बधाई देने पहुंचे लोगों से कही। इस दौरान विधायक से मिलने वाले आए लोगों ने कहा कि झरिया की सबसे बड़ी समस्या पानी है, ठंड में भी पानी के लिए लोग परेशान है। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया की जनता जिस उम्मीद से मुझे जिताया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगी। पूर्व विधायक संजीव सिंह की अनुशंसा पर हर घर नल जल योजना की शुरूआत की गई थी। हर घर नल जल योजना की पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था तो लोगो में उम्मीद जगी थी कि जल्द ही उनके घरों में पाइप लाइन की टोंटी से पानी आयेगा, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में यह योजना धरातल पर उतारने में विफल रही। सिर्फ राजस्व को लूटने में रही। पिछले सरकार में इस योजना ने पूरे शहर की सड़कों, गलियों का सत्यानाश कर दिया है, कब कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए, लोगों को पता नहीं। इस योजना की कार्य की गति को देख यह कह पाना कठिन हो गया, लोगो को झामुमो और कांग्रेस की सरकार में लोगों को पानी मिल सकेगा।

## 12 दिसम्बर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

**धनबाद :** नेहरू युवा केंद्र धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिसंबर 2024 को पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रमुख हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ के पूर्व निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को समस्त हाउसिंग कॉलोनी वाशी कथा प्रेमी भक्तजनों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन बहुत धूम धाम से प्रातः 09 बजे कथा स्थल से गाजे बाजे के साथ भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसमें नगर भ्रमण करते हुये पुनः कथा स्थल पर पहुंचे। हाउसिंग कॉलोनी में कथा के पहले दिन भागवत कथा के महत्मा पर प्रकाश डालते हुयें श्रीमद भागवत कथा के कथा व्यास महन्त राजीव लोचन शरण पीठाधीश्वर श्री सदगुरु बधाई भवन, अयोध्या ने बतलाया कि कलयुग में भक्तों को मुक्ति का मार्ग केवल भगवत नाम, संकीर्तन व भागवत कथा है। जो सज्जन सच्चे मन से कथा का श्रवण करते उनके जीवन के सभी पातक नष्ट हो जाते है। तथा अंतिम में मोक्ष की प्राप्ती होती है। पुण्यात्मा तो कथा श्रवण कर मुक्ति पाते ही है लेकिन बुरे कर्म करने वाले के नाम से संकल्प कर-के कथा उनके परिवार जन भ्राता सुनते तो उनके 7 पीढ़ी का उद्धार हो जाता है। जिसमें धुन्धकारी प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया अतः प्रत्येक व्यक्ति जब संसार में जन्म लेता तो उस मानव का एक कर्तव्य होता कि ज्यादा से ज्यादा सत्कर्म करो क्योकि हमारा सनातन हिन्दू धर्म केवल अपनो से बड़ों का आदर सम्मान करना, समाज में भाईचारा लाना तथा अपने युवा पीढ़ी को संस्कार प्रदान करना होता। अतः जो जीवन को कथा से जोड़ने से ही प्रभू कृपा प्राप्त होती है।अतः भागवत कथा ही इस युग में केवल मुक्ति का मार्ग प्रदान करती है, और भागवत माहत्मा से हम सभी को यही प्रेरणा मिलती। कथा में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, सोनी सिंह, विवेक सिन्हा, अविनाश पांडे, आर के शाही, कार्तिकेय गौतम, मनीष रंजन, राहुल, पवन कुमार तथा मुख्य जजमान आरके सिंह और उनकी पत्नी तथा समस्त हाउसिंग कॉलोनी और धनबाद जिला के हजारों श्रोतागनो ने कथा श्रवण कर कथा व्यास महंत राजीव लोचन शरण का आशीर्वाद लिया।

# कोयलांचल में अवैध कोयला खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने करायी डोजरिंग





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कोयलांचल में अवैध कोयला खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस और सीएसएफ की टीम ने मंगलवार को घनुडीह ओपी अंतर्गत लिलोरी पथरा क्षेत्र में दबिश दी। टीम ने अवैध खनन के लिए बने मुहाने की बुलडोजर से भराई कराई। इस मौके पर झरिया थाना, घनुवाडीह ओपी की पुलिस एवं सीएसएफ के जवान मौजूद थे।

हालांकि इस दौरान कुछ स्थानीय महिलाओं ने विरोध भी किया, पर पुलिस के सामने महिलाओं की एक नहीं चली।बताया जाता है कि लिलोरीपथरा स्थित ये अवैध माइंस कई महीने पूर्व बनाया गया था जहां से दर्जनों मजदूर के द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला का उत्खनन करवाया जा रहा था, प्रतिदिन एक से दो ट्रक तक कोयले का उत्पादन किया का रहा था। अभी भी लोग माइंस के अंदर जाकर कोयला निकलते थे। जबकि इसकी लंबाई और गहराई 100 से 200 मीटर तक हो चुकी है जो काफी खतरनाक हो गई हैं जिससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**भाटडीह नदी किनारे अवैध कोयला कारोबार बना ठिकाना**

**भाटडीह** ओपी क्षेत्र में इन दोनों अवैध कोयला खदान सेटिंग गेटिंग से खोलने को लेकर काफी चर्चा में है। विशेष सूत्रों की माने तो भाटडीह नदी किनारे सोहन नामक व्यक्ति द्वारा अवैध कोयला कारोबार का अपना नया ठिकाना बनाया है, यहां का कोयला दुसरे राज्य के कोयला मंडी में भेज कर मालामाल हो रहे हैं और बीसीसीएल को कंगाल कर रहे हैं। बताते हैं कि गरीब मजदूरों को अवैध कोल माइंस में भेज कर अवैध कोयला कटाई करवा रहे हैं। यहां का कोकिंग कोल कोयला उच्चतम क्वालिटी से शुमार है।

**कौन है... सिंघानिया जो करवा रहे अवैध कोयले का कारोबार**

**इधर**, मुरलीडीह में अवैध कोयला का जिम्मा सिंघानिया को दिया गया है, सिंघानिया ने इनामुल नामक व्यक्ति को अधिकृत करने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार इनामुल जमकर अवैध मइंस से कोयला की कटाई करवा रहे हैं,और धडल्ले से ट्रक के माध्यम से भेज रहे हैं।

## तिसरा पुलिस ने जब्त किया डेढ़ टन लोहा, छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**तिसरा (धनबाद) :** तिसरा पुलिस ने चांद कुइयां जंगल के समीप सोमवार की रात छापामारी की। इस दौरान डेढ़ टन लोहा जप्त किया गया। छापामारी होते ही लोहा चोर भाग खड़े हुए। छह लोगों के खिलाफ कांड संख्या 106/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इन लोगों की सर गर्मी से तलाश कर रही है। इस संबंध में तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी कि चांद कुईयां जंगल के समीप झाड़ी में बीसीसीएल का लोहा चोरी कर जमा किया जा रहा था।छापामारी करने पर लोहा चोर भाग खड़े हुए,लेकिन डेढ़ टन लोहा जप्त किया गया है। इस घटना में शामिल गंसू भुइयां, बितना भुइयां ,सूरज निषाद, मिथुन रवानी, ऋषि रवानी, मनोरंजन रवानी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जब्त सामग्री में डोजर और हाल-पैक के पुराने लौह सामग्री शामिल है। उक्त सामग्री को बलियापुर क्षेत्र के एक गोदाम में ले जाने की योजना थी। इसके पूर्व भी बलियापुर थाना क्षेत्र के गोल्डन पहाड़ी के नीचे चल रहे लोहा गोदाम में सीआईएसफ द्वारा छापामारी की गई थी। जहां से भारी मात्रा में बीसीसीएल का लोहा जप्त किया गया था।

## सम्पादकीय.....

# मस्जिदों में मंदिर की मूर्ति की खोज ?

**बाबरी** मस्जिद को ध्वंस करके... राम मंदिर के निर्माण के बाद भी भारत के बहुसंख्यकों के एक प्रतिशत 'भक्त' शायद देश में शांति - सौहार्द के ईछुक नहीं है। इसीलिए अब अजमेर के खवजा की दरगाह हो या सम्भल की सदियों पुरानी मस्जिद हो उसके नीचे देवताओ की मूर्तियो की खोज के लिए सर्वे किए जा रहे हैं। ताज्जुब है की सुप्रीम कोर्ट ने भी संसद द्वारा पारित विधि को मंजूर किया है ---जिसमे कहा गया है की आजादी मिलने के समय जिस उपासना स्थल का जो स्वरूप था उसे वैसा ही कानूनी रूप से माना जाएगा ! हालांकि अयोध्या मंदिर के मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने साफ साफ रूप से लिखा था की इस मामले को 'अपवाद' के रूप में माना जाएगा। परंतु जिस प्रकार मथुरा-काशी और उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों पर पुरातत्व सर्वेक्षण के नाम पर जिस प्रकार 'कारवाई' की जा रही है वह अदालती फैसले का सम्मान तो नहीं हैं। हां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का बुलडोजर न्याय और उनका अलपसंख्यकों के प्रति 'दुराव' ही प्रदेश मे हो रही इन गैर कानूनी कारवाई को हवा दे रहा हैं।

एक तरफ अल्पसंख्यकों के उपासना स्थलों को गैर कानूनी बताने की शासकीय कोशिस हो रही है... वनही बांग्ला देश मे वन्हा के अल्पसंख्यकों हिन्दू समुदाय पर बहुसंख्यक मुस्लिम समुदाय की प्रताड़ना का विरोध लगभग एक जैसा ही है। अर्थात जो जन्हा बहुमत मे है...वह अपने से कमजोर को दबा रहा हैं। कहने को तो बांग्ला देश में भी लोकतंत्र और कानून का राज्य है, जैसा की भारत में, परंतु धार्मिक अतिरेक दोनों ही जगहों पर 'अत्याचार' स बन गया है। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश और राजस्थान मे अगर मस्जिदों और दरगाहों को हिन्दू उपासना स्थल पर निर्मित किए जाने का दावा किया जाता है, वनही बांग्ला देश मे इस्कॉन मंदिरों की भूमि को मुस्लिमों से छीने जाने का आरोप लगाया जाता हैं। ऐसा नहीं है की गैर हिन्दू देश में, खासकर मुस्लिम राष्ट्रों मे भी वनहा के शासकों ने मंदिर निर्माण के लिए नया केवल 'इजाजत' दी वरन अन्य प्रकार से भी मदद दी है। यूनाइटेड अरब अमीरात, कतार आदि ऐसे ही मुस्लिम राष्ट्र है जान्ह हिन्दुओ ने मंदिरों का निर्माण किया हैं। अब अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्री होसबोले बांग्ला देश मे हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के लिए देश मे आवाज उठाने की हांक लगा रहे हैं, तब उन्हे पहले अपने योगी जी से कहना चाहिए की वे अल्पसंख्यकों के प्रति सद्भाव बनाए। अन्यथा बांग्ला देश के हिन्दुओ की 'रक्षा का आरएसएस का आवाहन' निरुदेश ही साबित होगा...यानि मीडिया मे एक और बयान! बस उससे आधी कुछ भी नहीं। आरएसएस की कट्टरता का एक उद्धरण झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगभग 500 से अधिक यात्रियों संघ की प्रार्थना कराई त्वसदा भक्तवतसले मतरभूमि ॥ अब यह कोई धार्मिक प्रार्थना नहीं है , लेकिन यह एक ऐसे संगठन का गाँ है जो अन्य धर्मावलंबियों के प्रति 'असहिष्ण' है। अब प्लेटफॉर्म मे कोच मे नमाज अदा करने पर इस संगठन द्वारा आपती जताई गई थी। तब ट्रेनों के कैंसिल होने के कारण प्रतीक्षारत यात्रियों को सीट दिलाने का आश्वासन दे कर पक्तिबद्ध खड़े करवाना और संघ के गान को आयोजित करना, गैर कानूनी नहीं पर उचित तो तनिक भी नहीं है। आरएसएस और उसके आनुसंगिक संगठनों द्वारा धर्म को लेकर जिस प्रकार कट्टरतआ का भाव सार्वजनिक छेत्रों मे अभिव्यक्त होता है, वह भारत जैसे बहु धरमी और विभिन्न आस्थाओ वाले देस के लिए उचित नहीं है। अब हमे आजादी मिले हुए सात दशक हो गए है... इसलिए लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए सभी को भारतवासी बन कर देश के संविधान के प्रति निसठवां रहना होगा।

## ● किसने क्या कहा



दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

नये आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिन्दू समाज ने

विशेष | डॉ. आरके सिन्हा

> योगी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनाव में मिली बड़ी जीत को श्एकताश् तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनाव में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है।

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, 'एक हैं तो सुरक्षित हैं'। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था।इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक शृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी- भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए श्बटेंगे तो कटेंगेश् नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए।

# साबरमती का अवरुद्ध प्रवाह

गौरतलब | राकेश कुमार वर्मा

> मेरे डिब्बों में अब, खून के छींटे नहीं हैं, वहशी खूनी कहकहे नहीं हैं मगर रात की तन्हाई में जैसे भूत जाग उठते हैं, मुर्दा रूहें बेदार हो जाती हैं और जख्मियों की चीखें और औरतों के बैन और बच्चों की पुकार, हर तरफ फिजा में गूँजने लगती है और मैं चाहती हूँ कि अब मुझे कभी कोई उस सफर पर न ले जाए। मैं इस शेड से बाहर निकलकर उस खौफनाक सफर पर दुबारा नहीं जाना चाहती।

**कश्यप** ऋषि के तप से प्रवाहित स्वजभ्रमति (साबरमती नदी) गंगा की तरह स्थान वस्तुओं को स्पर्श कर जीवंत बना रही है, जिससे वसुंधरा का भूषण समृद्ध है। सिने साहित्य से भी इससे स्त्रवित सृजन से प्रेरित रचनात्मकता की अपेक्षा है जिसके चिंतन और संवाद से समाज में ऐसा तादात्म्य स्थापित हो जहां सात्विक आकांक्षाये पल्लवित हों। समेकित घटना समेत स्वर्णिम अतीत की व्याख्या की उपेक्षा करते हुए फिल्म साबरमती रिपोर्ट की प्रस्तुति कुत्सित राजनीतिक मंसूबों को उजागर कर संवैधानिक मूल्यों का हनन करती प्रतीत होती है। स्वभ्रमति का अर्थ दरार या संधि से है जो अरावली के गर्भ से प्रभावित होने का संकेत है जिसकी महिमा को जैन मुनि बुद्धिसागर सुरीश्वर ने काव्यबद्ध किया है। महात्मा गांधी ने 25 मई 1915 को अहमदाबाद के कोचरब स्थित इसके तंत्र पर सत्य अहिंसा सेवा व्रत पर केन्द्रित तपस्थली बनाई जो स्वतंत्रता संग्राम की आत्मस्मृति है। आख्यानों में यहां ऋषि दाधीच का आश्रम था जिन्होंने लोक कल्याण के लिए अपनी अस्थियां समर्पित कर एक युग का परिष्कार किया, जिनका उद्घोष हमारी संस्कृति को गौरान्वित करता है। 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस पर हुई हिंसक घटना ने संत वल्लभाचार्य के उस आस्था का खंडन किया है जिसमें बताया गया था कि एक मुस्लिम ने अपनी बेटी को सपने में जो शहर (गोधरा) दिखाया था उसे किस तरह एक हिंदू परिवार को सौंप दिया। अवसरवाद की राजनीति ने इसके प्रतिशोध में जो दुष्परिणाम दिये उससे पूरा देश झुलस गया। इसने कई निर्दोषों की न केवल जान ली बल्कि बिल्किसबानो जैसी अनगिनत अबलाओं के जख्मों को सीने में ही दफन करने को विवश किया । घटनाओं से आहत होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो प्रतिक्रिया दी वह आज स्वस्थ्य राजनीति का अनुपम उदाहरण है। महाभारत का दंभ भरने वालों को इसमें निहित तथ्यों का विश्लेषण करने की आवश्यकता है। वस्तुतः यह एक कुशल शासक बनाने के मापदण्ड निर्धारित करने के साथ ही यह बताता है कि इसके लिए क्या मूल्य चुकाना पड़ता है इसके बाद भी मोक्ष के लिए संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन उसके प्रतिकूल कथित धर्मान्धता का षड़यंत्र बदस्तूर जारी है। आज इस प्रस्तुति से विविधताओं में एकत्व के दर्शन, त्याग, अहिंसा और बलिदान की यह धरा विभाजन विभीषिका के जख्मों से पुनः हरी हो गई जिसकी मुंजानिब कृश्न चंदर की पेशावर एक्सप्रेस बयां कर रही है।

## आज का इतिहास

- फ्रांस के रसायन शास्त्री बर्टले का 1748 में जन्म हुआ।
- वायसराय लॉर्ड विलियम बैन्टिक ने 1829 में सती प्रथा समाप्त की।
- गोवा के मारगाव के अगस्टिनो लॉरेंसो ने 1860 में पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि लेने वाले पहले भारतीय बने।
- इतिहासकार रमेश चंद्र मजूमदार का 1888 में जन्म।
- इंग्लैंड में स्मॉग की 1952 में घनी परत के छा जाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी।
- दक्षिणी अमरीका में ऐटलांटिक महासागर में स्थित बरमूदा द्वीप के बारे में 1952 में अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस की तीन पक्षीय कॉन्फेन्स आरंभ हुई।
- भारत और नेपाल के बीच 1959 में गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच खराब होते हालात के मद्देनजर आपात सत्र बुलाया।
- भारतीय नौसेना ने 1971 में पाकिस्तान नौसेना और कराची पर हमला किया।
- मिस्र के विरुद्ध 1977 में अरब मोर्चा गठित।
- हिजबुल्ला आतंकवादियों ने 1984 में कुवैत एयरलाइन के विमान का अपहरण कर चार यात्रियों की हत्या की।
- सं.रा. अमेरिका डेविस कप 1995 में चैंपियन बना।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान 'मार्स पाथफाउंडर' प्रक्षेपित किया।
- अशोक गहलोत 2003 में विधानसभा क्षेत्र से 12वीं राजस्थान विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए।
- पेरू की मारिया जूलिया मांतिला गार्शिया को मिस वर्ल्ड 2004 चुना गया।
- फिलीपींस के एक गाँव में 2006 में आये तूफान के बाद जमीन धंसने से लगभग एक हजार लोगों की मौत।

## सुविचार

उस व्यक्ति को आलोचना करने का अधिकार है, जो सहायता करने की भावना रखता है।

**अब्राहम लिंकन**

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण हैं।

**जॉन टिलोटसन**




## अनुभव का लाभ

**एक** विदेशी राजा ने भारत पर आप्रमण करना चाहा। उसने सोचा कि आप्रमण से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि उस राजा के पास कोई बुद्धिमान व्यक्ति है या नहीं? उस राजा ने सुरमे की एक डिबिया देकर एक दूत भेजा। उस डिबिया में दो आंखों में ही लगाने लायक सुरमा था। वह सुरमा अंधे को आंख देने में समर्थ था। दूत आया। दूत ने कहा, दो आंखों में ही आ जाए, इस डिबिया में इतना-सा सुरमा है। हमें इसकी अधिक आवश्यकता है। आपके पास हो तो हमें दें। या इस सुरमे के आधार पर कोई व्यक्ति ऐसा ही सुरमा बना सके तो हम उस आदमी को अपने साथ ले जाना चाहेंगे। राजा ने मंत्रियों से सलाह ली। किन्तु ऐसा सुरमा कौन बना सके? किसी को समाधान नहीं आया। राजा ने सोचा, एक बूढ़ा मंत्री था, जो अभी सेवानिवृत्त हुआ है, उससे पूछा जाए। राजा ने उसे बुला भेजा। वह अंधा हो गया था। वह आया। मंत्री ने डिबिया ली। एक आंख में सुरमा लगाया। कुछ ही क्षणों बाद उसे दिखने लगा। जो शेष सुरमा बचा था, उसे अपनी जीभ पर रख लिया। स्वाद से उसने सुरमे के सारे द्रव्यों का विश्लेषण कर लिया। घर जाकर वैसा ही सुरमा बनाया। परीक्षण के लिए अपनी दूसरी आंख में उसे लगाया। आंख खुल गई। उसने शेष सुरमा डिबिया में भरकर दूत से कहा, जाओ, अपने सम्राट से कहना कि ऐसा सुरमा जितना चाहे यहां से मंगा लें। दूत गया। सम्राट को वृत्तान्त सुनाया। सम्राट ने सोचा, जिस देश में ऐसे अनुभवी और वृद्ध रहते हैं, इतने बुद्धिमान मंत्री हैं, उस देश पर आप्रमण करना भयंकर भूल होगी।

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

**(भारतीय नौसेना दिवस पर विशेष)**
**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष** 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे। भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है।

## राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**वृष** — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**धनु** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कुंभ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

# भारत को बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आगे आने की जरूरत

गौरतलब | विजय केसरी

> वहां रह रहे लाखों की संख्या में हिंदूओं को इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए विवश होना पड़ा। हर साल पाकिस्तान से सैकड़ों की संख्या में हिंदू परिवार जान बचाकर किसी तरह भारत आज ही जाते हैं । इन हिंदू परिवारों ने जो स्थिति पाकिस्तान की बताई हैं, सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की कुल आबादी में 17 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आज पाकिस्तान में हिंदुओं की कुल आबादी में मात्र एक प्रतिशत रह गई है। पाकिस्तान में बीते 77 वर्षों में हिंदू अल्पसंख्यकों की घटी आबादी यह बताती है कि उन सबों पर कितना जुल्म हुआ होगा।

**भारत** सरकार को बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदूओं की सुरक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है। बांग्लादेश में नई सरकार गठन हो जाने के बावजूद बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध ,जैन और ईसाई धर्मावलंबियों पर रोजाना जानलेवा हमले हो रहे हैं। अल्पसंख्यक लोगो के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आग के हवाले कर दिया जा रहा है। वहां रह रहे अल्पसंख्यक परिवारों की महिलाओं और बच्चियों की दिनदहाड़े अस्मत लूटी जा रही है । वहां की सरकार और पुलिस यह सब खुले रूप से होने दे रही है। बहुसंख्यक बांग्लादेशी खुले रूप से नंगा नाच कर रहे हैं। उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इससे उपद्रवियों का मन और बढ़ता चला जा रहा है। आखिर ऐसे में बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक आगे अपना जीवन बसर कर सकेंगे ? यह एक अहम सवाल है। वहां रह रहे अल्पसंख्यक लोगों ने भी बांग्लादेश निर्माण में अपनी महती योगदान दिया था । तब फिर अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह उपद्रव क्यों ?

बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह उपद्रव इसलिए हो रहा है कि ये गैर इस्लामिक हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या गैर इस्लामिक लोगों को बांग्लादेश में रहने का कोई अधिकार नहीं है? इतिहास बताता है कि बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक बांग्लादेश अलग देश निर्माण के पूर्व से ही वहां रहते चले आ रहे हैं। बांग्लादेश ही उनकी वास्तविक जन्मभूमि है। तब फिर इस्लाम धर्म के मानने वाले अनुयाई वहां रह रहे हिंदुओं पर इतना जुल्म क्यों ढा रहे हैं? बांग्लादेश में इस्लाम धर्म के मानने वालों को अपने देश में रहने का जितना हक है, उतना ही वहां रह रहे अल्पसंख्यकों को भी है।

सर्वविदित है कि 1947 में भारत की आजादी से पूर्व बांग्लादेश अखंड भारत का ही एक हिस्सा था। देश की आजादी के बाद भारत दो टुकड़ों में बट गया था । तब 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान एक नए देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभर कर सामने आया था । तब से पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं को इस्लाम कबूल करवाने के लिए साजिशें रची जा रही हैं । देश की आजादी के समय पाकिस्तान से लाखों की संख्या में हिंदू परिवार भारत आ गए थे। लेकिन लाखों की संख्या में हिंदू परिवारों ने पाकिस्तान को ही अपना वतन समझा।? वे वहीं रहना पसंद किए। तब से लेकर आज तक वहां रह रहे हिंदू बिरादरी के लोगों को एक अलग नजरिए से देखा जाता आ रहा है । देश की आजादी के समय पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान में हजारों की संख्या में मंदिर थे। जिसे एक योजना के तहत जमीनदोज कर दिया गया ।? आज भी यह क्रम रुका नहीं बल्कि जारी है। अब सवाल यह उठता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए आवाज कौन बुलंद करेगा? 1947 से ही पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं के साथ जुल्म होता चला आ रहा है। जुल्म पाकिस्तान में रह रहे इस्लामिक लोग ही कर रहे हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### जेल की सुरक्षा में नहीं हो कोई चूक : उपायुक्त



**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, कारा अधीक्षक लातेहार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीवीसी के यूनियन चुनाव सम्पन्न छह यूनियनों ने लिया भाग

**लातेहार** : दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान मे यूनियन चुनाव-2024 मंगलवार को संपन्नर हुआ। इस चुनाव में छह यूनियन ने भाग लिया था। चुनाव मे मतदाता के रूप में एनसीडब्ल्यू (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के 12 और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। चुनाव में बतौर नोडल पदाधिकारी डीवीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि प्रकाश तिवारी उपस्थित थे। मौके पर श्रम विभाग के अबू जफर मुख्यस रूप से मौजूद थे।चुनाव का निरीक्षण दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) के द्वारा किया गया। एएसआई एनएन मिश्रा की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन हुआ। इस अवसर पर अकाउंटेंट संजय कुमार व बिमलेश कुमार, ब्रजेश कुमार एवं डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### नप क्षेत्र के डुरूआ में अगले दो से तीन दिनों तक बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**लातेहार** : नगर पंचायत क्षेत्र के डुरूआ इलाके में अगले 2 से 3 दिनों तक पेयजल आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी नगर पंचायत के कनीय अभियंता अमीत कुमार ने दी। श्री कुमार ने बताया कि नवरंग चौक से आगे रेलवे फाटक के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कराया जा रहा है। ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन फट गयी है। इसकी मरम्मती कार्य किया जा रहा है। उन्हो ने बताया कि मरम्मति कार्य में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। इस कारण लातेहार स्टेशन एवं डुरूआ इलाके में अगले दो से तीन दिनों तक पेयजल आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी।

### वन विभाग ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया राशन

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ प्रखंड में शनिवार रात कुरूद गांव के नावाटोली में एक जंगली हाथी के द्वारा कामिल के घर को ध्वस्त कर घर में रखे जनवितरण से मिलने वाली राशन को चट कर जाने से परिवार समक्ष खाने पीने समस्या उत्पन्न हो गई थी । इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग की ओर से उस पीड़ित परिवार को राशन उपलब्ध कराई गई। वनपाल कुंवर गंझू ने कहा कि 10 किलो चावल, दाल, सरसों तेल और किलो आलू दिया गया है। जल्द ही नुकसान का उचित मुआवजा भी दे दिया जायेगा।

### बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ पलामू में प्रदर्शन

**पलामू** : बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को गायत्री मंदिर सुदना से साहित्य समाज चौक और राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए कचहरी परिसर तक सर्व सनातन समाज ने जन आक्रोश रैली निकाली। रैली में लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करो आदि नारों से आक्रोश एवं गुस्सा व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक गोपाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो।

### उपायुक्त ने तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

# गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करें कार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जतायी। उन्होंने बारी-बारी से विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण, जल पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

**बिजली बिल माफी की ली जानकारी, पेयजल द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश**

**बैठक** में उपायुक्त श्री रंजन ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली साथ ही बिजली बिल माफी का स्टेटस से भी अवगत हुई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से ससमय जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने पेयजल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नया शौचालय निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए लाइब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुए।



**भूमि उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को लेकर 05 दिसंबर की बैठक में प्रतिवेदन के साथ शामिल होने के निर्देश**

**समीक्षा** के दौरान विभिन्न विभागों के तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला उठाया गया,इसपर उपायुक्त श्री रंजन ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ 5 दिसंबर को सभागार में होने वाली बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित सीओ साथ बैठक कर जमीन से जुड़ी समस्या को समाप्त कर कार्य प्रारंभ किया जा सके।

**जिला परिषद के माध्यम से जेसीबी क्रय करने की योजना**

**समीक्षा** बैठक में कई स्थानों पर कंडम बिल्डिंग रहने का मामला भी प्रकाश में आया। इसपर डीसी ने सभी से कहा कि ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग का सूची बनाकर उप विकास आयुक्त को सौंपे जिसके पश्चात डीआरडीए निदेशक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग पर उचित निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने उप विकास आयुक्त को जिला परिषद से जेसीबी क्रय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला परिषद इतना बड़ा विंग है, जहां जेसीबी की जरूरी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि कंडम बिल्डिंग को तोड़ने में जेसीबी को उपयोगिता में लाया जाये। उन्होंने कहा कि इस जेसीबी को आमजनों हेतु किराया पर देने का योजना भी बनाया जाये ताकि प्राप्त किराये से ही जेसीबी के ऑपरेटरों पर आने वाले खर्च को वहन किया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## जंगली हाथियों के प्रवेश से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल : जतरू मुंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत में विगत दो दिनों से जंगली हाथियों का प्रकोप शुरू हो गया है । इस दौरान एक दर्जनों से अधिक किसानों के धान का फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है भुक्तभोगी किसान मुखर्जी मुंडा, गुड्डू मुंडा, कामेश्वर मुंडा ,झाड़ू मुंडा, विशुन मुंडा, बुधन तुरी, जगतू मुंडा, मनोज मुंडा, फजत तुरी, सुकर मुंडा, बेनिया गंझु समेत दर्जनों किसानो का फसल नष्ट कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना स्थल में बुलाया और ग्रामीणों के साथ संवाद कर किसानों को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश देते हुए कहा कि क्षति के बदले उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं वन सुरक्षा कर्मी ग्रामीणों को आश्वत किए की ग्रामीणों को हर प्रकार की सुरक्षा करने का प्रयास किया जाएगा। रात में देवनदिया, मरमर, केकराही व सेकलेतरी में जंगली हाथियों का प्रवेश करने का आशंका है ग्रामीण वन विभाग से सुरक्षा का गुहार लगा रहे हैं और वन विभाग व जिला प्रशासन से हैवी लाइट टॉर्च का मांग कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे ने बैंक कर्मचारियों के साथ की बैठक

## 14 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला के बैंक कर्मचारियों के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा वादों में नोटिस कर निष्पादन कराने का निदेश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जितना अधिक हो सके वादों का निपटारा कर आम जनता को राहत दिलाने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि वादों के निपटारा में बैंक की भूमिका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे-मोटे ऋण का वाद भी बड़ा हो जाता है, जिसके कारण बैंककर्मी, न्यायालय और आम आदमी परेशान रहता है। ऐसे वादों को चिन्हित कर उनका निष्पादन आसानी से लोक आदालत में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने नियम को ध्यान में रखते हुए जितना हो सके उतना राहत आम जनता को पहुंचाने का काम बैंक करे। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया एवं लातेहार जिला के विभिन्न बैंक के अधिकारी मौजूद थे।



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिसा लिया। इस अवसर पर छात्रों ने कृषि आधारित यातायात सुरक्षा, गणित और संचार का मॉडल कर खुब प्रभावित किया। इसके लावा समय आधारित कृषि प्रणालियां, यातायात सुरक्षा ,सोलर सिस्टम व डीप इरीगेशन के कई तरह के मॉडल का प्रदर्शन किया गया।इस प्रदर्शनी में विद्यालय की निष्ठा रानी, आकृति कुमारी, संजना कुमारी, आसिम राज मिंज, दीपांजली और बॉबी समेंत अन्ये छात्र व छात्राओं ने भाग लिया।मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चोंप की कार्यकुशलता सबों के सामने आती है। विज्ञान प्रदर्शनियां छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ाती हैं। उन्होनने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का आधार है। विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। उन्होनने छात्रों के द्वारा बनाये गये मॉडलों की प्रशंसा की। उप-प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर ने भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील छात्रों से की।



## दिव्यांग व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप नहीं, आत्म सम्मान के साथ जिये जिंदगी : उदय राम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई कार्यकर्म की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप नहीं बल्कि उन्हें पूरा अधिकार है कि समाज में आत्म सम्मान के साथ जिंदगी जिए दिव्यांग व्यक्ति को सहयोग मिले तो वह भी समाज में अच्छी तरह भरण पोषण कर सकता है।विकलांग अधिनियम में दिव्यागों को समान अधिकार और सम्मान भागीदारी की बात कही गई है यह अधिनियम 1995 से लागू है जिसमें दिव्यागों को कई अधिकार दिए गए है। नियुक्ति में दिव्यागों को 3% आरक्षण का लाभ मिलता है स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिमा 1000 रुपया का सम्मान राशि मिलता है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता मिलता है मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि दिव्यांग समाज के अभिन अंग है और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सार्थक प्रयाय किया जाना चाहिए। जयपाल मोची ने कहा कि समाज और सरकार का सहयोग मिलता तो दिव्यांग व्यक्ति भी एक आम आदमी की तरह गुजर बसर कर सकता है।

### पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने विश्व दिव्यांगता दिवस पर किया सपोर्ट स्टिक का वितरण



**लातेहार** : पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत मंगलवार को बनहरडीह सीएमपी, पीवीयूएनएल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारी, आन और एटे के वृद्धजनों तथा दिव्यागजनों के बीच सपोर्ट स्टिक का वितरण किया गया। इस अवसर पर के चंद्रशेखर महाप्रबंधक बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस एक संयुक्त राष्ट्र दिवस है जो हर साल 3 दिसंबर को मनाया जाता है।

## महुआडांड़ के संत जेवियर्स महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संत जेवियर्स दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ संत जेवियर्स महाविद्यलाय में मंगलवार को संत जेवियर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, जेवियर्स प्रोविंशियल फादर विंसेंट हंसदा, फादर बॉब स्लेटीरी, आइक्यूएसी सदस्य तनवीर मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जबवलित कर किया। स्वाशगत भाषण प्राचार्य फादर एमके जोश ने दिया। इससे पहले अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वा गत किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे ने कॉलेज के प्रशासनिक व्यवस्था की प्रशंसा की। उन्होाने कहा कि महुआडांड़ में इस महाविद्यालय ने ज्ञान दीप प्रकाशमान किया है. आज हमें ऐसी शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत है जहां हमें नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि दूसरों को नौकरी देने वाला बन सकें। हमें मात्रात्मक शिक्षा के स्थान पर गुणात्मक और वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।फादर प्राचार्य डॉ. जोश ने कहा कि आज हमारा महाविद्यालय ए + ग्रेड की श्रेणी में पहुंचा है और यह ए ग्रेड हासिल करने वाला झारखंड का एकमात्र महाविद्यालय है। फादर प्रोविंशियल विंसेंट हंसदा न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सफलता के 10 सूत्रों की चर्चा की।



## उप मुखिया ने मुखिया पर 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता का लगाया आरोप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के मनिका प्रखंड के मटलोंग पंचायत के उप मुखिया रायपाल उरांव ने पंचायत की मुखिया माया रानी देवी पर 15वें वित्त आयोग के तहत करायी गयी योजनाओं में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को एक लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में उप मुखिया ने आरोप लगाया कि मुखिया द्वारा बिना ग्राम सभा की स्वीकृति के योजनाओं को पारित कर निजी लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत के उप मुखिया होने के नाते उनके पास चल रही योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए, लेकिन मुखिया मनमानी करते हुए कुछ बिचौलियों के साथ मिलकर योजनाओं का संचालन कर रही हैं। आरोप लगाया कि एक ही परिवार के पिता और पुत्र को अध्यक्ष और सचिव बनाकर योजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। इस अनियमितता के कारण आम ग्रामीण परेशान हैं। उप मुखिया ने यह भी आरोप लगाया कि डिजिटल पंचायत केंद्र में पूर्व चयनित वीएलओ को हटाकर मुखिया ने अपने पति को नियुक्त कर दिया है।

## पलामू में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपित फरार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। वहीं, वारदात के बाद से किशोरी की हालत गंभीर है। मंगलवार को उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार, आरोपित ने खेत में घटना को अंजाम दिया है। घटना सोमवार देर शाम की है। वहीं, पीड़िता की मां ने बताया कि 11 वर्षीय बच्ची धनिया पत्ता लेने खेत में गई थी। इसी बीच गांव के ही एक युवक ने खेत में ही उसे पकड़ लिया और जबरन कुछ दूर ले गया। फिर पीड़िता के साथ रेप किया और उसे धमकी दी कि यदि घर पर इसकी जानकारी किसी को दी तो जान से मार देंगे। घटना के बाद से ही पीड़िता काफी डरी हुई थी। देर रात जब उसकी तबियत बिगड़ी, तो उसने बताया कि उसके पड़ोस का ही रवि कुमार (22) ने उसके साथ गलत काम किया है। किशोरी रात भर घर में दर्द से तड़पती रही। मंगलवार सुबह परिजन उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता की बिगड़ती स्थिति देखते हुए, उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़िता का लिखित बयान दर्ज कराया। इस मामले के संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है।




## अधिवक्ताओ का समाज के प्रति है बड़ा दायित्व : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : अधिवक्ता दिवस एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती के अवसर पर पलामू जिला बार एसोसिएशन में वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह, रूचिर कुमार तिवारी, संजय अकेला, आलोक तिवारी, अभय कुमार, सोहैल अख्तर, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी रविंद्र पासवान, रामजीत पासवान, रंजीत कुमार सिंह ने विचार गोष्ठी किया। मौके पर सीनियर अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज का दिन देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती के रूप में मनाया जाता है वही अधिवक्ताओं के समाज में महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए अधिवक्ता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है अधिवक्ता इस समाज में कानून के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक सारे गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यक्ति माने जाते हैं ऐसे में अधिवक्ताओं को भी चाहिए कि वह आम लोगों के प्रति अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को समझें अपने मुवक्किलो किलो के प्रति उदार भाव रखें कानून के प्रति लोगों को जागरूक करें।



# रेलकर्मियों की पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करना हमारी प्राथमिकता : बीएम पांडेय

■ चार से छह दिसम्बर तक होगा रेलवे यूनियन का मतदान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : संपूर्ण भारत के सभी 17 रेलवे जोन में चार दिसंबर से यूनियनों की मान्यता के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो छह दिसंबर तक चलेगी। हाजीपुर जोन के अंतर्गत आने वाली छह यूनियनों के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है। सभी यूनियन अपने पक्ष में मतदाताओं से समर्थन मांग रही हैं। इसी क्रम में, ईसीआरएमसी (ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस) के संयुक्त महासचिव सह टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि उनकी यूनियन की प्राथमिकता रेलकर्मियों की पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को बहाल कराना है। उन्होंने कहा, पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने से रेलकर्मियों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।



**17 वर्षों से सत्ताधारी यूनियन पर आक्रोश**

**श्री पांडेय** ने बताया कि 17 वर्षों से सत्ता में रहने वाली यूनियन के प्रति रेलकर्मियों का मोहभंग हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस यूनियन ने रेलकर्मियों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे कर्मियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार रेलकर्मियों ने बदलाव का मन बना लिया है, जिससे चुनाव दिलचस्प हो गया है।

**निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का संकल्प**

**पांडेय** ने यह भी कहा कि उनकी यूनियन रेलवे के निजीकरण को रोकने के लिए हरसंभव संघर्ष करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया, हमारा संगठन रेलकर्मियों के हितों के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

**चुनाव प्रक्रिया और अपील**

**उन्होंने** बताया कि यूनियन की मान्यता के लिए कुल मतों का कम से कम 35% उनके पक्ष में आना आवश्यक है। वहीं, भारत के 17 जोनों में से किसी भी यूनियन को 50% से अधिक मत मिलने पर वह पीएनएम (परमानेंट नेगोशिएशन मैकेनिज्म) की बैठकों में भाग लेने का अधिकारी बन जाती है। पांडेय ने सभी रेलकर्मियों से ईसीआरएमसी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि रेलकर्मियों के हक और अधिकारों की लड़ाई प्रमुखता से लड़ी जाए।

### पलामू में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर युवक की हत्या

**पलामू** : प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाइबाग में मंगलवार दोपहर अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर एक युवक की हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान गढ़वा के सोनपुरा निवासी सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक की कमर से एक देशी कट्टा बरामद किया है। घटनास्थल से एक बाइक व आठ खोखा बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गोसाइबाग में एक बाइक से दो लोग लाइन होटल के समीप बाइक रोक कर एक बाइक में हवा लेने लगे तथा दूसरा गुटखा लेने के लिए गुमटी पर गया। इसी बीच दूसरी बाइक पर भी दो लोग लाइन होटल के पास पहुंचे तथा बाइक खड़ी कर गुटखा लेने गये सत्येन्द्र कुमार को लक्ष्य साधते हुए ताबड़तोड़ गोली चला दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या, संयोजक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चों ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के छायाचित्र पर फूलमाला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देने वाले नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में विचार व्यक्त किए। यह कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देना और उन्हें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कक्षा छः के आरव बजाज ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उसने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन के बारे में जानकारी दी, जिन्हें भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में जाना जाता है। आरव ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिनमें सादगी, निष्ठा, और देशभक्ति शामिल हैं। कक्षा छः के अरनव भदानी ने डॉ. राजेंद्र के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों और मूल्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। अरनव ने बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति थे और उसने अपने जीवन में सादगी, निष्ठा, और देशभक्ति के मूल्यों को अपनाया था। कक्षा छः के तरूष पेरीवाल और आरना अग्रवाल ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर एक पी.पी.टी प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें उसने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बचपन से लेकर उनके राष्ट्रपति बनने तक के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों, मूल्यों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित किया।तरूश और अरना के प्रेजेंटेशन ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान को बहुत ही अच्छी तरह से प्रदर्शित किया। उनके प्रयासों की सराहना की गई और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक महान नेता और एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित किया।प्राचार्या ने आगे कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्श हमें आज भी प्रेरित करते हैं और हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें और देश की सेवा में अपना योगदान दें।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के योगदानों को भारत का जनमानस कभी भूला नहीं सकता : भागीरथ पासवान



**कोडरमा :** जिला कांग्रेस कमिटी कोडरमा के तत्वाधान मे दिन मंगलवार को कोडरमा जिला के अंतर्गत करमा पंचायत के हरिजन टोला में देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती के अवसर पर गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच 100 पीस कंबल वितरित किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के सिवान जिले में हुआ इनके पिता का नाम महादेव सहाय एवं माता का नाम कमलेश्वरी देवी था। बचपन से ही राजेंद्र प्रसाद पढ़ाई लिखाई में बहुत तेज थे और इनका जीवन सरल और सादगी भरा था। राजेंद्र प्रसाद की प्रारंभिक पढ़ाई छपरा एवं सिवान जिले में हुई, इसके बाद उन्होंने वर्ष 1907 ई में कोलकाता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय से मास्टर डिग्री की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने कोलकाता लॉ कॉलेज में कानून की पढ़ाई करने के बाद कोलकाता उच्च न्यायालय में वकालत की। अप्रैल 1939 ई. में उन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया एवं 1962 में उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया गया इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदानों को भारत के जनमानस कभी भूला नहीं सकते।

## एक झलक

### कार्य की गुणवत्ता सुधारे संवेदक; अन्यथा होगी कार्रवाई : अनीता देवी



**लातेहार :** जिला परिषद के सदस्यों की टीम के साथ उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा हेरहंज के कपिया एवं अन्य स्थानों में विद्यालयों में भ्रमण किया गया। जहां पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि फर्जी अटेंडेंस बनाकर मिड डे मील की राशि की निकासी की जा रही है उसके बाद उन्होंने प्रखंड बालूमाथ परिसर में निर्माण अधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया जहां पर पाया कि बालू, ईंट एवं सीमेंट की की गुणवत्ता एकदम से खराब है। इस प्रकार की निर्माण सामग्री से अच्छे भवन का निर्माण नहीं किया जा सकता है। पुन: उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी आवास के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जांच किया। जहां घटिया निर्माण सामग्री पायी गयी। उनके द्वारा यह हिदायत दी गयी की अविलंब कार्य की गुणवत्ता सुधारे अन्यथा संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी। इन सब घटनाक्रम की लिखित शिकायत जिले के उपायुक्त महोदय से भी की जायेगी।

### गिरिडीह में मिला युवक का शव

**गिरिडीह :** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर पथराटांड के पास सड़क के किनारे से पुलिस ने एक युवक का शव मिला। शव के पास से युवक की बाइक भी मिली है। मृत युवक की पहचान बिहार के चकाई थाना क्षेत्र के घुटिया गांव निवासी कारू राम (21) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह घुटिया गांव के निवासी अजय कुमार का पुत्र है। मंगलवार की सुबह शव पर लोगों की नजर पड़ी, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को खबर दी गयी। घटना की सूचना पर देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद मृतक के परिजनों का कहना है कि सोमवार की रात को अजय अपनी पुत्री का बर्थडे मना रहा था। बर्थडे मनाने के बाद देर रात को अजय घर से यह कह कर निकला कि वह मकडीहा जा रहा है। मंगलवार की सुबह उन्हें यह जानकारी मिली कि अजय का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ है।

## पिछले साल धान क्रेय के लिए मिला था 2 लाख क्विंटल का टारगेट, नहीं हुआ पूरा

- जिले में धान की खरीदारी 15 दिसम्बर से करने की तैयारी, नहीं मिला है टारगेट
- धान खरीदारी के लिए नौ पैक्सों का चयन कर भेजा गया प्रस्ताव



**हिमांशु तोमर**

**बोकारो :** जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है, लेकिन अब तक जिले में धान की खरीदारी सरकार द्वारा शुरू नहीं किया गया है। इसके लिए जिला प्रशासन तैयारी कर रही है, लेकिन रेट और लक्ष्य तय नहीं किया गया है। पिछले साल भी बोकारो में धान क्रय के लक्ष्य को जिला प्रशासन पूरा नहीं कर पाई थी। लक्ष्य का मात्र साढ़े 12 प्रतिशत ही धान की अधिप्राप्ति हुई थी। जिला प्रशासन ने पिछली बार 2023 में दो लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय की थी, बावजूद 5551 निबंधित किसानों से मात्र 0.25 लाख क्विंटल ही धान खरीद पाई थी। लेकिन इस साल अभी तक सरकार से बोकारो जिला को लक्ष्य नहीं मिला है। इस बार भी सरकार ने किसानों से अधिकतम 200 क्विंटल तक ही धान खरीद की सीमा निर्धारित की है। ताकि छोटे किसानों को ज्यादा लाभ मिल सके। इससे अधिक धान बेचने के लिए किसानों को उपायुक्त से अनुमति लेने का प्रावधान किया गया है। धान क्रय के समय ही सरकार की ओर से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की 50 प्रतिशत राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया है।

**इस साल धान के किसानों को मिलेंगे प्रति क्विंटल 2400 रुपये**

**खाद्य** आपूर्ति विभाग ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान क्रय को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इस बार भी 15 दिसंबर से धान खरीद की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर विभाग की ओर से राइस मिलरों और धान अधिप्राप्ति केंद्रों के चयन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सरकार इस बार किसानों से 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। केंद्र सरकार ने साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए व ग्रेड-1 धान का मूल्य 2320 रुपए निर्धारित की है। वहीं, राज्य सरकार किसानों को प्रति क्विंटल 100 रुपए बोनस देगी। ऐसे में किसानों को साधारण धान के लिए प्रति क्विंटल 2400 रुपए व ग्रेड-1 धान के लिए 2420 रुपए मिलेंगे।

**जिले में 9 केन्द्रों पर होगी धान अधिप्राप्ति, किया गया चयन**

**वित्तीय** वर्ष 2024-25 में बोकारो जिला से धान अधिप्राप्ति के लिए कुल नौ पैक्सों का विभाग द्वारा चयन किया गया है। इसमें चास प्रखंड के राधानगर पैक्स, सतनपुर पैक्स व काशी झरिया फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड शामिल है। इसके अलावा कसमार प्रखंड के सिंहपुर पैक्स, हिसीम पैक्स, गोमिया प्रखंड के गोमिया व्यपार मंडल, चंदनकियारी के साबड़ा पैक्स, झालबरदा पैक्स और चन्द्रपुरा प्रखंड के तेलो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को धान क्रय के लिए चयनित किया गया है।

**केन्द्र पर धान पहुंचाने और बेचने को लेकर होती है परेशानी**

**बता** दें कि किसानों को रजिस्ट्रेशन से लेकर केन्द्र तक धान पहुंचाने में परेशानी होती है। इसलिए किसान सरकार को धान बेचना नहीं चाहते हैं। किसानों को केन्द्र पर धान बेचने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है, क्योंकि निबंधित किसानों का ही धान क्रय केन्द्र पर लिया जाता है।

## समाज में जैसे-जैसे शिक्षा व जागरूकता का प्रसार बढ़ा, दिव्यांगता खारिज होती चली गयी : वीसी पोद्दार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने कोडरमा रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों के लिए एक व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। यह पहल स्वर्गीय शंकर लाल चौधरी की स्मृति में और प्रेरणा शाखा के सहयोग से की गई। व्हीलचेयर को स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार को सौंपा गया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति प्रो. (डॉ.) पवन पोद्दार ने सुपुर्द किया । कार्यक्रम में कुलपति प्रो. पवन पोद्दार ने कहा कि विकलांगता अब अभिशाप नहीं मानी जाती। शिक्षा और जागरूकता के बढ़ते प्रसार ने इस धारणा को खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि आज दिव्यांग व्यक्तियों ने समाज में अपना अलग और सफल मुकाम हासिल किया है। इस दिशा में मारवाड़ी युवा मंच और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने प्रेरणा शाखा की प्रशंसा करते हुए इसे मानवता का प्रतीक बताया और कहा कि यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई व्हीलचेयर एक छोटी सी पहल है लेकिन यह जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। गझंडी के सहायक मंडल अभियंता उमाशंकर प्रजापति ने कहा कि प्रेरणा शाखा पहले भी स्टेशन पर दो वाटर कूलर उपलब्ध करा चुकी है।

## चतरा उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं



**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित, भूमि विवाद, राशन, विद्युत से संबंधित, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी, चबूतरा बनाने की मांग से संबंधित समेत अन्य मामले आए। एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन

## झुमरीतिलैया भादोडीह अयाज नगर में हुआ उर्स का आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया स्थित मोहल्ला भादो डीह मे सूफी अयाज शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना उर्स का आगाज 01 दिसम्बर को परचम कुसाई से बहुत ही धूम धाम के साथ शरू हुआ। बताते चले की यह बाबा अयाज शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का 54 वां सालाना उर्स मुबारक है जो की हर वर्ष उर्दू के जमादी अव्वल माह के 29 व 30 को मनाया जाता है परन्तु इसकी शुरूआत 28 तारिक को ही परचम कुसाई से ही किया जाता है उर्दू के 29 तारिक को सुबह 7:00 बजे पवित्र कुरआन का पाठ (कुरान खानी) एवम 10:30 बजे चादर गस्ती की जाती है जो की मरहूम रफीक खान वारसी के घर से निकल कर टी.ओ.पी गली निकल कर बड़ा पोस्ट ऑफिस एवम तिलैया थाना के रास्ते शहर के मुख्य सडक का भ्रमण करते हुये रेलवे स्टेशन के समीप से वापस होकर थाना के गली से पुनः गंतव्य स्थान हजरत सूफी अयाज शाह वारसी रहमतुल्ला अलैहे के आस्ताने शरीफ पर बहुत ही अदब वा भक्तिमय होकर भक्तगण अपने सर पर चादर रखकर आये और 11:30 बजे बहुत ही जोश खरोस के साथ चादर पेश कर देश मे चैनो अमन की दुआएं मांगी दोपहर 1:30 लंगरखानी जिसमे हजारो उत्तर प्रदेश,बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवम झारखण्ड से चलकर आये हुए भक्तगणो ने भोजन के रूप मे ग्रहण किया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने आयोजित की अंतर विद्यालय वाचन व क्विज प्रतियोगिता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में अंतर विद्यालय वाचन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के विचारों का प्रचार-प्रसार करना था, ताकि छात्रों को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। इस प्रतियोगिता में पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम का विषय 'रीबिल्ड इंडिया' के माध्यम से छात्रों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। 'रीबिल्ड इंडिया' थीम के तहत छात्रों को यह संदेश दिया गया कि एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों और नैतिक मूल्यों के प्रति सजग और जिम्मेदार हो।


### शपथ पत्र



मैं लक्ष्मी देवी, पति स्व. विजय मोहली, उम्र लगभग 54 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा-गृहणी, साकिम अपर मान्दरा नावागढ़, पो.-नावागढ़ थाना वरोरा, जिला- धनबाद, (झारखण्ड) आधार नं.-8503 5416 6604 एतद् द्वारा शपथ पूर्वक धोषणा करती हूं कि :-

1. यह कि, मेरे चार पुत्र है उनका नाम इस प्रकार से है। 1. सनातम कुमार मोहली 2. मोनातन मोहली, 3. सोहन कुमार मोहली, 4. विनोद कुमार मोहली है।
2. यह कि, मेरे दुसरा नं० का पुत्र मोनातन मोहली मुझे एवं मेरे परिवार के साथ दुव्यवहार करते है और बात बात पर लडाई झगडा एवं गाली-गलौज करते रहते है। एवं इसके द्वारा अपराधिक कार्य करने के कारण समाज परिवार में काफी बेईज्जती का सामना करना पडता है तथा मेरे पति के बिमार अवस्था में मेरे पुत्र मोनातन मोहली के द्वारा देख-भाल भी नही करता था।
3. यह कि, मेरे पुत्र मोनातन मोहली का व्यवहार ठीक नही होने के कारण में अपने पुत्र को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं।
4. यह कि, मैं पुरे होशों हवास में रहकर निर्णय ली हूं कि कभी भी किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने के कारण अपने वसियत से बेदखल कर रही हूं ताकि किसी भी प्रकार का मुझे पर कोई सवाल खडा न हो।
5. यह कि, मेरे पुत्र द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का गैर-कानूनी कार्य किया जाता है। तो उसका पूर्ण जिम्मेवार वह स्वयं होगा। उसके लिए मैं या मेरा परिवार का सदस्य किसी भी प्रकार से जिम्मेवार नही होगें।
6. यह कि, इस शपथ पत्र को इसलिए कर रही हूं कि भविष्य में मेरे एवं मेरे परिवार क सदस्यों को काम आ सके।
7. यह कि, इस शपथ पत्र में दर्शीय गए सभी कथन सही एवं सत्य है। इसमें किसी भी तथ्य को छिपाया नही गया है।
8. यह कि, इस शपथ पत्र में मैं और अपने पुत्र का फोटो ग्राफ चिपका रही हूं।

**सत्यापन**

शपथकर्ता ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त कथन किया जो प्रदीप कुमार पासवान, मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है। अतः आज अधिवक्ता, धनबाद द्वारा पहचान दिनांक 24.09.2024 को मैंने इस शपथ पत्र पर किये गये। अपना हस्ताक्षर किया।

दिनांक : 24/9/24
पत्रतांक : 485/12

### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या, कार्य का नाम, निविदा मूल्य और बयाना राशि** इस प्रकार है: **(1) सीकेपी-साउथ- 24-25-39।** डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/सीबीएसए के अधीन रेलवे ट्रैक के रखरखाव और साफ-सफाई के लिए गिट्टी की ड्रेसिंग, सेस की सफाई और अन्य विविध कार्य, 1,26,68,148.33/-, 2,13,400.00/-। **(2) सीकेपी-साउथ-24-25-40।** रेलवे ट्रैक के रखरखाव और साफ-सफाई के लिए गिट्टी की ड्रेसिंग, सेस की सफाई और अन्य विविध कार्य, डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/डीपीएस के अधीन, 1,67,69,865.35/-, 2,33,900.00/-। **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य, **खुलने की तिथि:** 23.12.2024 है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल ऑफर को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं **(प्राधिकरण- रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/नीति, दिनांक 16.07.2020)** (PR-864)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची

**निविदा रद्द करने के संबंध में**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:– LAB/DWSD/21/2024-25 दिनांक– 08/10/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR No. 338452 (Drinking Water & Sanitation) 2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची

PR 341107 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची

**निविदा रद्द करने के संबंध में**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:– LAB/DWSD/18/2024-25 दिनांक– 08/10/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR No. 338453 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची

PR 341103 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

### e-Procurement Cell
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,BUILDING DIVISION GUMLA

**Very Short Notice Tender Inviting (5th Call)**

**Tender Reference No.-09BCD/GUMLA/2024-25**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE JALIM IN BISHUNPUR BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | 60,01,400.00 | 8 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.12.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 16.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 17.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inपर किया जा सकता है।

**Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.**

**Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Gumla**

PR 341047 Building(24-25).D

### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।
### अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –19/2024–25
### Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 10.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 11.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 11.12.2024 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor (Right Side) Boy's Hostel No-7, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1479804.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor (Left Side) Girl's Hostel No-5, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1483947.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor (Right Side) Girl's Hostel No-5, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1483947.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Block-A, 1st floor, Boy's Hostel No-4, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1525731.00 | 31000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 5. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor Short Lobby Boy's Hostel No-2, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1657029.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Ground floor (Left Side) Boy's Hostel No-7, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1808776.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Ground floor (Right Side) Boy's Hostel No-7, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1808776.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 8. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor (Right Side) Boy's Hostel No-7, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1893469.00 | 38000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 9. | Renovation of toilet and bath room & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 2nd floor (Left Side) Boy's Hostel No-7, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1946875.00 | 39000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 341072 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या 3370 दिनांक 06.09.2024 द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत सभी रिवर्स ऑसमोसिस (आर0 ओ0) वाटर से संबंधित उपचार संयत्र के संचालन एवं बोरिंग के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले सभी रिंग मशीन एवं वाहनों को नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में नियमानुसार निबंधन कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। अतः सभी वाहन संचालकों/मालिकों को निदेशित किया जाता है कि आम–सूचना प्रकाशन की तिथि से तीन माह के अन्दर अपने–अपने वाहनों का निबंधन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित की जाय। यदि उपरोक्त आदेश का पालन किये बिना कोई वाहन संचालक नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत बोरिंग करते हुए पकड़े जाते है तो संबंधित वाहन चालक/मालिकों के विरूद्व झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की सु–संगत धाराओं के तहत विधि सम्मत् कारवाई की जायेगी, तथा बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

PR.NO.341019 Urban Development (24-25):D

प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार।

एक झलक

## बेड़ो से 14 वर्षीय किशोर हुआ लापता



**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के गांव घाघरा के असरो कैरो गांव से एक 14 वर्षीय किशोर के अचानक घर से गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने बेड़ो पुलिस थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पिता राजू महतो ने बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा बालचंद महतो 1 दिसंबर की अपराह्न लगभग चार बजे घर से गायब हो गया। उन्होंने ने बताया कि वह अपने बेटे बालचंद के साथ रविवार को खेत गया था अपराह्न लगभग चार बजे खेत से आने के बाद वह बिना बोले घर से निकल कर कहीं चला गया। इसके बाद दो दिनों तक अपने बेटे बालचंद को तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने रिश्तेदारियों सहित आस पास के गांवों में भी तलाश की लेकिन फिर भी बालक का पता नहीं लग सका। वहीं मंगलवार को राजू महतो ने बेड़ो थाना में अपने पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। पुत्र के नहीं मिलने से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी।

## दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय मैदान में मंगलवार को दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ जयपाल सोय ने कहा कि दिव्यांग हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग है, उनकी जरूरतों पर हमें विशेष ध्यान रखना होगा। मौके पर दिव्यांगजनों के द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, राजेन्द्र मुंडा, रामसाय मुंडा सहित अन्य ने संबोधित किया. इस अवसर पर दिव्यांग जनों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया गया। मौके पर रंथा महली, तबरेज अंसारी, लीला कुमारी, छोटेलाल महतो, मजबुल खान, रामदयाल सिंह उपस्थित थे।

## गिरिडीह में 03 आरोपित गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**गिरिडीह :** पुलिस ने मुफस्सिल थाना थाना क्षेत्र के पपरवाटांड़ में रोड किनारे एक गुमटी के पीछे से सीमेंट की बोरी में भरे दो देशी कट्टे और तीन गोली बरामद की है। इस मामले मे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी विमल कुमार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एसडीपीओ जितवाहन उरांव के नेतृव में की गयी छापेमारी में जितन दास, डबलू दास और मनोज चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपितों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

## अखंड ज्योति दिव्य कलश रथदर्शन यात्रा का शुभारम्भ



**रांची :** शान्तिकुञ्ज टीम प्रतिनिधित्व व मार्गदर्शन में आज बुधवार दोपहर दो बजे से शुभारंभ होगा। गायत्री युगतीर्थ शक्तिपीठ सेक्टर टू परिसर में आज सायंकालीन सत्र में बैठक हुई इसमें ज्योति कलश रथ भ्रमण दर्शन कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई और इस कार्यक्रम में रांची के सभी समाचार मीडिया मान्यवर संपादन, प्रकाशन व फोटोग्राफी प्रभारी को सादर सूचित व आमंत्रित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन पहुंचा असुरा गांव

- माता-पिता की मृत्यु के पश्चात पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था
- पेंशन से वंचित बच्चों की नानी को मिलेगी पेंशन और मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में उपायुक्त चाईबासा को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु व्यवस्था करने के निर्देश दिये थे। मामले में उपायुक्त चाईबासा ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट की गयी है। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलती रही है, जो किसी कारणवश बंद हो गयी। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गये हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची द्वारा किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी से मिलनेवाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने हेतु सहायिका को कहा गया है तथा तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनबाड़ी में कराने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है।यह है मामलामुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु 24 नवम्बर 2024 को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं। बच्चे को देखनेवाली उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित हैं। इसकी जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के आदेश दिये थे।

## शीर्ष अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमान ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# नीली क्रांति में गोपालगंज उभरता सितारा हर साल बढ़ रहा मछली का उत्पादन

**एजेंसी**

**गोपालगंज :** बिहार का गोपालगंज जिला आज मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की दिशा में अग्रसर है। मछली उत्पादक किसानों की संख्या में वृद्धि और मछली उत्पादन में उल्लेखनीय इजाफा इस बात का प्रमाण है कि जिला मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिख रहा है। गंडक नदी यहां के मछुआरों की तकदीर ही बदल दिया है। सरकार की योजना धरातल पर देखने को मिल रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण चौक चौराहों पर जिले के पोखर, तालाब और गंडक नदी से निकले मछली आज बिक रहे है। जिला मत्स्य विभाग के अनुसार जिले में लगभग 15 हजार एमटी मछली का उत्पादन किया जा रहा, जबकि जिले को 16.800 एमटी मछली की जरूरत है। सरकार की घोषणा का जिला प्रशासन ने अमल में लाया और जिले के सरकारी जलकर पर दबंगों के कब्जा से मुक्त करकर मत्स्य विभाग को सौंपा। जिस पर मत्स्य विभाग ने अपने मछुआरों को आवंटन का मछली उत्पादन के लिए प्रेरित किया। बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिले में 1351 सरकारी जलकर था। इन जलकरों के लगभग 1500 सौ हेक्टेयर जल क्षेत्रों में 15 हजार मीट्रिक टन मछली का उत्पादन होता था। अब सरकारी और निजी जलकर बढ़ 2000 हो गया है। पांच सौ से अधिक निजी तालाबों में मछली का उत्पादन होता था। अब यह आंकड़ा बढ़ गया है। जो जिला की खुशहाली का एक बेहतर संकेत है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 की तुलना में 15 हजार एमटी मछली

# झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की अहारी उप समिति की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति की बैठक आज चेंबर भवन में संपन्न हुई। प्रदेश में आलू की आपूर्ति एवं झारखण्ड सरकार द्वारा धान की खरीदी पर बैठक में चर्चा हुई। कहा गया कि पश्चिम बंगाल द्वारा झारखण्ड में 28 नवंबर से आलू आपूर्ति बंद किये जाने के कारण प्रदेश में आलू के खुदरा मूल्य में 10 रू0 तक वृद्धि हुई है जिस कारण यहां की 3 करोड से अधिक आबादी प्रभावित हो गई है। उपभोक्ता उंचे दर पर आलू की खरीदी के लिए विवश हैं। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखण्ड में 90 फीसदी आलू की आपूर्ति बंगाल से होती है। बंगाल से आलू आपूर्ति बंद होने के कारण व्यापारी विवश होकर उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगाकर झारखण्ड में वितरण कर रहे हैं। इस कारण आलू के क्रय पर 2 से 3 रू0 प्रति किलोग्राम अतिरिक्त भाडा लग रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू के ट्रांसपोर्टेशन में तीन दिन लग रहा है जबकि पश्चिम बंगाल से पूरे झारखण्ड में 12 घंटे के अंदर आलू का परिवहन हो जाता है। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बंगाल से आलू नहीं आने के कारण झारखण्ड से सब्जियों का ट्रांसपोर्टेशन भी प्रभावित हो रहा है। बंगाल सरकार को इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए। राज्य की जनता को आलू की महंगाई के अतिरिक्त बोझ से बचाने के लिए सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की। यह कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार पर दबाव बनाकर आलू की आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराई जाय। यह भी कहा गया कि यदि बंगाल से आलू की आपूर्ति अविलंब सुचारू नहीं होती है तो झारखण्ड सरकार अपने प्रदेश से पश्चिम बंगाल धान की सप्लाई पर रोक लगाने पर विचार करे। राज्य सरकार द्वारा धान के क्रय पर भी बैठक में चर्चा की गई। कहा गया क धान की कटाई प्रारंभ हो गई है और कृषकों द्वारा धान को 18 से 19 रू0 प्रति किलोग्राम की दर पर बेंचा जा रहा है।

## मुखिया की कार में शराब के नशे में लगायी आग



- मुखिया ने दिलेरी दिखाते हुए नहीं किया मामला दर्ज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव का ऑल्टो कार में पंचायत क्षेत्र के ही दो लोगों ने शराब के नशे में धुत होकर आग लगा दी । जिससे कार के पिछले हिस्से का कुछ भाग जल गया। मिली जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत दो लोगों ने रात के 11 बजे मुखिया के घर पहुंचकर मुखिया को बुलाया। लेकिन मुखिया ने दरवाजा नहीं खोला। इसी दौरान गुस्से में आकर दोनों ने आग लगा दी जिससे गाड़ी का पिछला हिस्सा जल गया । ग्रामीणों व मुखिया से मिली जानकारी के अनुसार ने दोनों युवक शराबी है । और दिनभर नशे में ही रहता है। साथ ही युवक का पिता भी नहीं है जिस कारण मुखिया ने दिलेरी दिखाते हुए मामला दर्ज नहीं कराया। और आपसी समझौता कर लिया।

# बर्लिन पब्लिक स्कूल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 138 वीं जयन्ती मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** बर्लिन पब्लिक स्कूल कांके रोड चांदनी चौक में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 138 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ बिरसा उरांव सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चों ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित व नमन कर श्रद्धांजलि दिया। स्कूल के निदेशक डॉ बिरसा उरांव ने उनके जीवन वृतांत से बच्चों को अवगत कराया। बताया कि वह बहुत ही सहज व सरल स्वभाव के थे। कहा कि हमे भी उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र के निर्माण मे अहम योगदान करना चाहिए। हम सभी को उन पर गर्व है और ये सदा राष्ट्र को प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सतेन्द्र सिंह,शिक्षक अरविंद सिंह, आनंद नायक, संध्या, ऋतु,रेखा, सुप्रिया सहित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ईस्ट एन वेस्ट में हर्षोल्लास से मनी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयन्ती

**एजेंसी**

**सहरसा :** स्थानीय पटुआहा स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा,डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार मिश्रा,प्राध्यापक प्रमुख प्रियंका पांडेय नोडल अंशु कुमार गुप्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज सहित अन्य प्राध्यापकों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ एन के झा ने कहा डॉ राजेन्द्र प्रसाद का पुरा जीवन आदर्शवादी रहा है इसलिए वे आज भी हमारे प्रेरणादायक है. उन्होंन कहा डॉ राजेन्द्र प्रसाद देश के संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय संविधान की सशक्त नीव रखने में उन्होंन अपना अमूल्य योगदान निभाया। डॉ बसंत कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में देश के प्रथम राष्ट्रपति व महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ राजेन्द्र प्रसाद को भारत को एक उन्नत व विकसित राष्ट्र बनाने में उनके योगदान को अनुकरणीय बताया। प्राध्यापक प्रमुख ने कहा कि उनके आदर्श मुल्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# सुरगुंजाडीह गांव में अधूरी सड़क बनने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** मंगलवार को सिल्ली पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सह सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने सड़क की समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत पंचायत लोटा में स्थित गांव सुरगुंजाडीह में सड़क अधूरा बनने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है। विशेषकर बरसात के दिनों में आने जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। यहां तक वाहनों को पास के गांव मैंना टोला लोटा में छोड़ना पड़ता है, और पगडंडी के सहारे गांव तक पहुँचना पड़ता है। महतो ने बताया कि मरीजो को मुख्य पथ तक चारपाई में ढोकर लाना पड़ता है। फिर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई ग्रामीणों की ईलाज के अभाव में मृत्यु हो चुकी है। सुरगुंजाडीह गांव में कुरमी (महतो) एवं मुंडा जाति के लोग निवास करते है। इस गांव की आबादी लगभग 300 तक की है। यह गांव सिल्ली प्रखंड कार्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा है। इस गांव की सबसे बड़ी समस्या सड़क की है। उक्त जानकारी कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है।

## समाज में रिश्तों के सशक्तीकरण और समृद्धि के लिए प्रेरणा विवाह पंचमी : संजय सर्राफ



विवाह पंचमी 06 दिसम्बर को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि विवाह पंचमी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष पंचमी तिथि 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 07 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 6 दिसंबर को विवाह पंचमी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीराम और माता सीता की शादी की वर्षगाँठ मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीराम और माता सीता का दिव्य विवाह हुआ था। विवाह पंचमी का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सनातन धर्म से जुड़े लोग विवाह पंचमी के पर्व के आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।धार्मिक मान्यता है कि मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह हुआ था। इसलिए इस तिथि पर विवाह पंचमी मनाई जाती है। साथ ही इस तिथि पर अन्न, धन और सोलह श्रृंगार का दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन राम जी और माता सीता को प्रिय चीजों का भोग लगाना चाहिए। विवाह पंचमी के दिन विशेष रूप से राम कथा का श्रवण और राम-सीता के विवाह के प्रसंग की पूजा की जाती है। विवाह पंचमी का महत्व इस बात से है कि यह भगवान राम और माता सीता के आदर्श वैवाहिक संबंधों का प्रतीक है। राम और सीता का विवाह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह धर्म, सत्य, प्रेम, और त्याग का अनुपम उदाहरण है। भगवान राम ने माता सीता के साथ अपने विवाह से यह संदेश दिया कि प्रेम और श्रद्धा से परिपूर्ण संबंध ही जीवन का सर्वोत्तम आधार हैं। वे दोनों ही अपने जीवन में प्रत्येक कर्तव्य को निभाने में समर्पित थे। राम ने हमेशा अपने धर्म और कर्तव्यों को प्राथमिकता दी, वहीं सीता ने भी अपने जीवन के प्रत्येक कदम में त्याग और सत्य के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। विवाह पंचमी हमें यह समझाती है कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। एक सफल विवाह संबंध के लिए दोनों पार्टनरों को एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और त्याग की भावना से भरा होना चाहिए। भगवान राम और सीता के विवाह के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक अच्छा वैवाहिक जीवन त्याग, समझदारी और विश्वास पर आधारित होना चाहिए।इस दिन को मनाते हुए हम अपने जीवन में भी राम-सीता के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें, ताकि हम अपने रिश्तों को सत्य, प्रेम, और आदर्श की नींव पर सशक्त बना सकें। विवाह पंचमी का यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह समाज में रिश्तों के सशक्तीकरण और समृद्धि के लिए एक प्रेरणा भी है।

# उमेडंडा में दिखा कर्फ्यू-सा नजारा, धमकी से छायी है दहशत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा में मंगलवार को कर्फ्यू-सा माहौल रहा। बाजार की पूरी दुकानें, प्रतिष्ठान यहां तक कि उमेडण्डा स्थित इंडियन बैंक भी बंद रहा।इस बंदी की वजह टीएसपीसी से अलग होकर अलग उग्रवादी संगठन वी के एस तिवारी ग्रुप के पहाड़ी जी की धमकी थी। जानकारी के अनुसार सोमवार रात में पहाड़ी जी दस्ता के सदस्य उमेडंडा पहुंचे और दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया और मंगलवार को दुकान बंद रखने, अन्यथा अंजाम भुगतने की चेतावनी देकर चलते बने। इसके बाद भयभीत दुकानदारों ने मंगलवार को सुबह से ही अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और उमेडंडा में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। सभी दुकाने बंद रहीं और वाहन भी नहीं चले।

**प्रशासन की अपील भी नहीं आयी काम**

**सूचना** पाकर सर्किल इंसपेक्टर शशिभूषण चौधरी, थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गये और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया। लेकिन, दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। देर शाम तक प्रशासन उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए प्रयास रत रही। पुलिस बल उमेडंडा में लगातार गश्त कर रही है। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया, इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। सरेशाम अचानक इस तरह के फरमान के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं, टीएसपीसी के वर्चस्व वाले क्षेत्र में दूसरे संगठन के लोगों द्वारा कार्रवाई और लगातार दर्ज करा रहे उपस्थिति ने क्षेत्र में उग्रवादी संगठनों के बीच वर्चस्व की जंग की आशंका को बल दिया है। दशकों तक उग्रवाद का गम्भीर दंश झेल चुके ग्रामीणों के बीच एक बार पुनः दहशत का माहौल है।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी**

**मामले** को लेकर बुढ़मू थानेदार रितेश कुमार का कहना है कि रविवार को अनीश अंसारी उर्फ अविनाश जी के मतवे स्थित मकान में पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया था।अनीश का वर्तमान में पहाड़ी के साथ होने की सूचना है। हो सकता है, इश्तिहार चिपकने के कारण इनका यह घटना प्रतिक्रिया स्वरूप हुई हो। कारण जो भी हो, प्रशासन इनके खात्मे का प्रयास कर रहा है। जल्द ही क्षेत्र में शांति होगी।

**टीएसपीसी कमांडर ने की निंदा**

**मामले** पर टीपीसी के सब जोनल कमांडर अरविंद जी ने दूरभाष पर बताया कि उमेडण्डा की घटना निन्दनीय है।जिन लोगों ने इसे अंजाम देकर आम जनता को परेशान करने का काम किया है, उन्हें चिह्नित कर टीपीसी संगठन उन पर करवाई करेगा। अरविंद ने आम जनता से इनसे नहीं डरने की अपील के साथ प्रशासन से सहयोग की अपील की है, ताकि प्रशासन अपने ढंग से और टीपीसी संगठन अपने ढंग से ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर सके।

**पुलिस छावनी में तब्दील उमेडण्डा गांव**

**घटना** के बाद उमेडण्डा गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। भारी संख्या में महिला पुरुष बटालियन यहां कैम्प किये हुए हैं व जंगलों में सघन अभियान की तैयारी चल रही है। ग्रामीण एसपी रांची सुमीत कुमार अग्रवाल कई थानों के थानेदार के साथ डीएसपी रामनारायण चौधरी एवं थानेदार रितेश कुमार उमेडंडा के सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। रात में अतिरिक्त सुरक्षा बलों के साथ थानेदार और डिएसपी रात भर उमेडंडा में रहेंगे। ग्रामीणों से अपील की, कि जल्द मामले से जुड़े अपराधियों को पकड़ा जायेगा। ग्रामीण निडर होकर दुकान खोलें। डरने की बात नहीं है, हम आपकी सुरक्षा में है।

## विधायक विकास कुमार मुंडा ने की वरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** विधायक विकास कुमार मुंडा की अध्यक्षता बुंडू अनुमंडल कार्यालय में विकास कार्यों को गति देने को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएचएआई के अंतर्गत एनएच-33 पर खराब लाइटों की मरम्मती ,बुंडू नगर में नए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, वाहन पार्किंग की बेहतर व्यवस्था, बुंडू बस स्टैंड के विकास सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बुंडू में निजी डॉक्टरों द्वारा संचालित क्लीनिकों और दवा दुकानों के साथ समन्वय कर सप्ताह में पाली अनुसार रात्री सेवा शुरू करने, +2 विद्यालयों और महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए विशेष कैंप लगाने और आचार संहिता के कारण रुके हुए विकास कार्यों को शीघ्र प्रगति पर लाने पर बल दिया गया और नगर क्षेत्र में अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हर संभव प्रयास किया जाएगा और जनता से जुड़े हर मुद्दे को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, डीटीओ ,रांची, अंचल अधिकारी बुंडू एवं तमाड़, प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू, नगर पंचायत प्रशासक बुंडू, थाना प्रभारी बुंडू, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने तीसरी बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब



एजेंसी

**अबू धाबी :** डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने सोमवार देर रात मॉरिसविले सैंप आर्मी को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार 2024 अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडियेटर्स ने तीन ओवर शेष रहते हुए 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लेडियेटर्स की टीम को सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा के ओवर में लगातार चार चौके लगाए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर हावी रहे। ग्लेडियेटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन के आंकड़े को पार कर लिया। उनकी इस पारी की बदौलत ग्लेडियेटर्स ने 7 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज इसुरु उदाना की गेंद पर मुस्तफा ने डीप में पूरन का शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। पूरन ने 10 गेंदों में 28 रन बनाए। लेकिन इससे सैम्प आर्मी को वास्तव में मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक लगाया। इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को वास्तव में वह शुरूआत नहीं मिल पाई जो वे चाहते थे और नियमित रूप से विकेट खोते रहे और एक समय वे 81 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रहे थे। अफगानिस्तान के करीम जन्नत ने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों में 16 रन बनाए, जिससे सैम्प आर्मी ने 10 ओवरों में 7 विकेट पर 104 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस ने सर्वाधिक 23 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एंड्रीज गौस ने 9 गेंदों में 21 रन बनाए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन ने डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए दो ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट लिए। डेक्कन ग्लेडियेटर्स तीसरी बार अबू धाबी टी10 लीग का चैंपियन बना है। उनके स्टार बल्लेबाज जोस बटलर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बटलर ने टूर्नामेंट में 224.07 की स्ट्राइक रेट से कुल 242 रन बनाए। रिचर्ड ग्लीसन को बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया जबकि टॉम कोहलर-कैडमोर ने बैटर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। 10.93 की इकॉनमी से 10 विकेट लेने वाले शाहिद भुट्टा को टूर्नामेंट का यूएई प्लेयर।

## एक झलक

### मैनेजर के रिक्त पद के लिए सैंटोस की नजर कास्त्रो पर

**रियो डी जेनेरियो :** आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी ए चैंपियन क्लब सैंटोस 2025 सीजन के लिए पुर्तगाली कोच लुइस कास्त्रो को साइन करने की तैयारी कर रहा है। पिछले महीने फैबियो कैरिल से अलग होने के बाद से आठ बार का सीरी ए चैंपियन क्लब बिना मुख्य कोच के है। सैंटोस अगले साल सीरी बी खिताब हासिल करने के बाद ब्राजील की शीर्ष उड़ान में वापस आ जाएगा, दूसरे स्थान पर रहने वाले मिरासोल से एक अंक आगे रहेगा। 63 वर्षीय कास्त्रो सितंबर में सऊदी प्रो लीग की टीम अल नासर को निराशाजनक परिणामों के बाद छोड़ने के बाद से बेरोजगार हैं। ब्राजील में व्यापक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रिक्त सैंटोस मैनेजर पद से जुड़े अन्य नामों में कुका, रेनाटो गौचो और एंटोनियो ओलिवेरा शामिल हैं।

### योगेश्वर ने विनेश और बजरंग पर निशाना साधा

**सोनीपत :** पहलवान योगेश्वर दत्त ने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पर निशान साधते हुए कहा है कि वे खेल का राजनीतिकरण न करें। वहीं नाडा के पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए निलंबित करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि डोप टेस्ट नहीं देने के लिए ही बजरंग पर कार्रवाई हुई है। डोप में फंसने पर भी यही कार्रवाई होती है। बजरंग ने डोप टेस्ट के लिए नमूना नहीं दिया, इसलिए कानून के दायरे में ही ये कार्रवाई हुई है। इसपर कोई सवाल नहीं उठा सकता। वहीं हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बजरंग लेकर कहा कि नाडा कानून के हिसाब से काम करती है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस अपनी खेल नीति का आंकलन करे और फिर भाजपा की खेल नीति पर सवाल उठाये। साल 2013 से पहले क्या नीति थी और अब क्या नीति है। हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए सरकार अच्छा काम कर रही है, हमें उम्मीद है कि हरियाणा के खिलाड़ी आगे भी अच्छे पदक लेकर आयेंगे।

### पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर रख दी दो शर्त

**लाहौर :** पाकिस्तान किकेट बोर्ड (पीसीबी) अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर भले ही तैयार हो गया है पर उसने इस मामले में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए दो प्रमुख शर्तें रखीं। पीसीबी चाहता है कि आईसीसी लिखित में दे कि भारतीय टीम के आईसीसी इवेंट्स में पाकिस्तान के सभी मैच भी तटस्थ स्थल पर ही खेले जाएंगे। इसके अलावा पीसीबी ने आईसीसी से सालाना राजस्वी हिस्सेदारी को भी बढ़ाने को कहा है। पीसीबी को ऐसी उम्मीद है कि प्रायोजकों के दबाव के कारण आईसीसी और बीसीसीआई उसकी शर्तों को मान लेंगे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अगर आईसीसी पीसीबी की मांगों को मान लेता है तो पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने पर फाइनल को भारत से बाहर ले जाना पड़ सकता है। वहीं पीसीबी ने अपन रुख साफ करते हुए कहा है कि हमने समस्या का एक हल सामने रखा ह। अगर भारतीय बोर्ड इसे नहीं मानता है तो वे भविष्य में हमारी टीम को वहां भेजने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई डेविस कप के दिग्गज नील फ्रेजर का 91 वर्ष की आयु में निधन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई डेविस कप चैंपियन नील फ्रेजर, जिन्होंने चार बार डेविस कप जीता और ग्रैंड स्लैम में ट्रिपल क्राउन - एकल, युगल और मिश्रित युगल खिताब जीतने वाले अंतिम खिलाड़ी थे- का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। फ्रेजर के परिवार में उनकी पत्नी थिया हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपने शानदार करियर में ग्रैंड स्लैम में एकल और युगल दोनों में 19 खिताब जीते, लेकिन यह डेविस कप था जिसने उन्हें खेल का दिग्गज बना दिया। उन्होंने अपने देश को लगातार चार डेविस कप खिताब (1959, 1960, 1961, 1962) दिलाए और 24 वर्षों तक गैर-खिलाड़ी कप्तान रहे। उन्हें 1984 में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम और 10 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। 2008 में, फ्रेजर को टेनिस में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आईटीएफ के फिलिप चैटरियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, उन्होंने मेलबर्न में अपने बचपन के घर के बगल में क्ले कोर्ट पर खेलना सीखा और बाएं हाथ की शानदार सर्विस के आधार पर एक खेल विकसित किया।

## सिंधु इसी माह 22 दिसम्बर को शादी के बंधन में बंधेंगी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। सिंधु की शादी पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक वेंकट दत्ता साई से होने जा रही है। सिंधु के पिता पीवी रमना ने बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को काफी समय से जानते थे पर एक महीने पहले ही रिश्ता तय हुआ है क्योंकि जनवरी से सिंधु का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। वहीं 24 दिसंबर को रिसेप्सन होगा। इसके बाद वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी क्योंकि अगला सत्र काफी अहम रहेगा। इनकी शादी के कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे। सिंधु को भारत की सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं उन्होंने साल 2019 में स्वर्ण सहित विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है। सिंधु ने रियो ओलंपिक 2016 और टोक्यो ओलंपिक में 2020 में लगातार पदक जीते और 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग नंबर दो हासिल की। सिंधु का जन्म 5 जुलाई 1995 को हुआ। उनके माता-पिता वॉलीबॉल खिलाड़ी थे पर सिंधु ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। जब वह 8 साल की थी तो उन्होंने पुलेला गोपीचंद से प्रभावित होकर बैडमिंटन को अपना करियर चुना। 2010 में सिंधु ने जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने करियर की शुरूआत की।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप के लिए ओमान रवाना



एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट ओमान के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, 7 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होने वाला है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में, भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह के साथ-साथ उप-कप्तान साक्षी राणा करेंगी और टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनके पास सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है जैसे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जबकि टीम के कोच भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर हैं।

## ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूं। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है।" दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूर्नामेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालांकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।

## हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का आधिकारिक रेडियो पार्टनर बना बिग एफएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्कों में से एक, बिग एफएम ने 2024-25 सीजन के लिए आधिकारिक रेडियो पार्टनर के रूप में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य हॉकी को लाखों प्रशंसकों के करीब लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि इंडियाकागेम की गूंज देश के हर कोने में हो। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर 2024 को शुरू होगी, जिसमें आठ पुरुष और चार महिला टीमों की रोमांचक लाइनअप राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेगी। विशेष रूप से, यह सीजन महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत का भी प्रतीक है, जो हॉकी इंडिया की समावेशिता और खेलों में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बिग एफएम के सीओओ सुनील कुमारन ने कहा, “बिग एफएम को भारत की समृद्ध हॉकी विरासत का जश्न मनाने और बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हॉकी लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखती है, और यह सहयोग जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। खेल की विरासत और महत्व के बारे में, हमारा लक्ष्य हॉकी की अविश्वसनीय यात्रा पर प्रकाश डालना और पूरे देश में इस खेल के प्रति गहरी सराहना को प्रेरित करना है। सहयोग पर हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, “रेडियो में देश के सुदूर कोनों में लोगों से जुड़ने की एक अद्वितीय क्षमता है, जो इसे एक आदर्श माध्यम बनाती है। हॉकी को बढ़ावा दें। बिग एफएम की आकर्षक सामग्री और देशव्यापी पहुंच के साथ, हमारा लक्ष्य हॉकी को घरेलू चर्चा बनाना है। यह साझेदारी पूरे भारत में उत्साह बढ़ाएगी और अधिक प्रशंसकों को #इंडियाकागेम के करीब लाएगी, हम हॉकी इंडिया लीग को लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने को आश्वस्त हैं। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, बिग एफएम की मनमोहक कथा शैली और व्यापक पहुंच इसे हॉकी के प्रशंसक आधार को बढ़ाने के लिए एक आदर्श भागीदार बनाती है। इस एसोसिएशन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य #इंडियाकागेम के समर्थन में देश को एकजुट करना और लाखों लोगों को प्रेरित करना है। 2024-25 हॉकी इंडिया लीग गेम-चेंजर साबित होने वाली है और यह साझेदारी हॉकी को हर मंच पर सुलभ बनाएगी, चाहे वह टेलीविजन, डिजिटल या रेडियो हो। बिग एफएम के साथ, श्रोता हर मैच पर नजर रख सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा सकते हैं।

## हैदराबाद के खिलाफ तीन अंक बटोर कर फॉर्म बरकरार रखना चाहेगी एफसी गोवा




एजेंसी

**हैदराबाद :** मैनोलो मार्कुएज के गौर्स हैदराबाद एफसी के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेंगे। हैदराबाद। हैदराबाद एफसी अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में अपनी दो पिछली हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी, जब वो बुधवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मैनोलो मार्कुएज की एफसी गोवा से भिड़ेगी। मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था और फिर गोवा में गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए गौर्स के साथ जुड़ गए। एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था जबकि हैदराबाद एफसी को आइलैंडर्स के हाथों 0-1 से हारी थी।



रियाद में सउदी प्रो लीग फुटबॉल में खेलते हुए अल नसार और आल साद क्लब के खिलाड़ी।

## ब्रजेश ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही की धुआंधार बल्लेबाजी, लखनऊ एकेडमी ने जीता मैच




एजेंसी

**लखनऊ :** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में लखनऊ क्रिकेट एकेडमी ने आर.के. सीनियर सेकेंड्री क्लब को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में ब्रजेश सिंह ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही धुआंधार बल्लेबाजी भी की। सीनियर सेकेंड्री ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 205 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवम ने 16 रन का योगदान दिया। वहीं अश्वनी कुमार ने 35 रन बनाये, जबकि सौनिक मित्रा ने 28 रन का योगदान दिया। वहीं लखनऊ क्रिकेट एकेडमी ने तीन विकेट खोकर 206 रन बना लिये और सात विकेट से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अक्षत मात्र एक रन बनाकर आउट हो गये। वहीं सैयद लबीब राजा ने नौ चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाये। ब्रजेश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 चौके और एक छक्के की मदद से 47 बाल पर 62 रन बनाये। ब्रजेश ने गेंदबाजी करते हुए भी पांच विकेट झटके, वहीं अंकित पाल ने 54 रन का योगदान दिया।

## कार्लोस अल्काराज व टेलर फ्रिट्ज टूर्नामेंट के पहले खिलाड़ी घोषित

**लेवर कप 2025**



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज, लेवर कप के आठवें संस्करण के लिए पहले खिलाड़ी हैं, जिसका आयोजन 19-21 सितंबर, 2025 तक सैन फ्रांसिस्को के चेस सेंटर में किया जाएगा। हाल ही में बर्लिन में हुए लेवर कप 2024 में स्पेन के अल्काराज और अमेरिकी फ्रिट्ज ने टेनिस प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बीच हुए इस रोमांचक मैच में अल्काराज विजयी हुए और प्रतियोगिता के 12वें मैच में टीम यूरोप की जीत पक्की हो गई। जैसे ही टीम यूरोप ने जीत हासिल की, इसने अगले साल के टूर्नामेंट में इन दो उभरते सितारों के बीच फिर से प्रतिद्वंद्विता के लिए मंच तैयार कर दिया। महज 21 साल की उम्र में, अल्काराज ने टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 2022 में, वह यूएस ओपन में सबसे कम उम्र के विश्व नंबर 1 और पहले किशोर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गए। कई एटीपी खिताब, दो विंबलडन चैंपियनशिप (2023 और 2024), एक रोलैंड गैरोस खिताब (2024) और एक ओलंपिक रजत पदक के साथ उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता जारी रही है। स्पैनियार्ड ने लेवर कप 2024 में टीम यूरोप के टैली में आठ अंक भी जोड़े। शीर्ष रैंक वाले अमेरिकी फ्रिट्ज ने 2024 में टेनिस सर्किट पर एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में युगल में कांस्य पदक जीता और यूएस ओपन के फाइनल में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उनके असाधारण वर्ष का समापन निट्टो एटीपी फाइनल में उपविजेता के रूप में हुआ, जिसने उन्हें करियर की सर्वोच्च विश्व रैंकिंग नंबर 4 पर पहुंचा दिया। टीम वर्ल्ड के एक प्रमुख सदस्य, फ्रिट्ज ने चार लेवर कप संस्करणों में भाग लिया है, जिसमें लंदन (2022) और वैंकूवर (2023) में उनकी ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया है। इस आयोजन में 5-2 के मजबूत रिकॉर्ड के साथ, वह टीम के लिए एक मूल्यवान संपत्ति है।

## आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हराया नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को चीन के चेंगदू में आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप 1 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हरा दिया। हालांकि जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। इससे पहले, भारत टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अमेरिका से 3-8 से और दूसरे मैच में चीन से 0-8 से हार गया था। कुल आठ गेम जीतने वाली पहली टीम मैच जीतती है। जहां चीन तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, वहीं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत एक-एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हालाँकि, जीते गए खेलों और हारे हुए खेलों के बेहतर अनुपात के कारण अमेरिकी दूसरे स्थान पर रहे और नॉकआउट के लिए योग्य रहे। भारत ने शरथ कमल, मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला जैसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के बिना टूर्नामेंट खेला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती मिश्रित युगल मैच में पृथा वर्तिकर और जीत चंद्रा को फिन लू और जियान फैंग ले के खिलाफ 2-1 (11-8, 11-3, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा।

## एक झलक

### हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बेचता है नवम्बर 2024 में 4,72,749 यूनिट

**रांची** : हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की। इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की ऊ्रबिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है। इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयां शामिल हैं। नवंबर 2024 की मुख्य विशेषताएं : - 1. उत्पाद: हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में ACTIVA e: और QC1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की। दउ3 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। 2. सड़क सुरक्षा: भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों- हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया। अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात)।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर फ्लिपकार्ट ने कार्यस्थल को समावेशी बनाने की वकालत की

**रांची** : हर व्यक्ति को सम्मान, वित्तीय आजादी और सार्थक लक्ष्य के साथ जीवन जीने लिए अवसर पाने का अधिकार है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए फ्लिपकार्ट समर्पित कार्यक्रमों एवं समावेशी प्रक्रियाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सार्थक अवसर देने के लिए प्रयासरत है। फ्लिपकार्ट ऐसे माहौल को बढ़ावा दे रहा है, जहां कर्मचारी अपनी वास्तविक प्रतिभा दिखाने में सक्षम हों। ऐसा करते हुए फ्लिपकार्ट व्यापक समावेश एवं सशक्तीकरण में योगदान दे रहा है। अपने इकोसिस्टम के महत्वपूर्ण भाग के तौर पर 2000 से ज्यादा दिव्यांग कर्मचारियों के साथ फ्लिपकार्ट ने समावेशी कार्यस्थल की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पीडब्ल्यूडी हब (शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए हब) स्थापित करना अयोग्यता पर योग्यता को वरीयता देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जिससे ज्यादा समतामूलक एवं समावेशी भविष्य के निर्माण में मदद मिल रही है। इस अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर फ्लिपकार्ट ने कुछ ऐसे लोगों के उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी सफर को सबके सामने रखा है, जिन्होंने मुश्किलों को मात देते हुए अपने लिए आजादी एवं आत्मसम्मान का रास्ता तैयार किया है। सुनील कुमार, वेंकटेश और रविंदर जैसे डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की इन प्रेरक कहानियों के माध्यम से हम फ्लिपकार्ट की विभिन्न पहल के प्रभाव को समझ सकते हैं। सुनील कहते हैं, मुझे फ्लिपकार्ट में सबसे ज्यादा यहां का समावेशी माहौल पसंद आता है, जहां मेरे टीम लीड एवं मैनेजर्स भी दिव्यांग हैं और अपनी मेहनत से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

# लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही तेजड़ियों ने बाजार में अपना जोर बना दिया। तेजड़ियों की ओर से लगातार हो रही लिवाली की वजह से शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान पीएसयू बैंक, मीडिया, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, हेल्थ केयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑटोमोबाइल और आईटी इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 453.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.69 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.72 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,067 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,738 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,227 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 102 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,509 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,850 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 659 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 281.12 अंक की मजबूती के साथ 80,529.20 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 80,244.78 अंक तक पहुंच गया।

## लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने और चांदी के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। सोने आज 600 रुपये से 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# सैमको म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

SAMCO MUTUAL FUND
Cutting-edge Systems For Wealth Creation

**धनबाद/रांची/जमशेदपुर** : सैमको एसेट मैनेजमेंट ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नये फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 04 दिसम्बर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड आर ओ टी ए टी ई स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, सैमको में, हम गतिशील निवेश शक्ति में विश्वास करते हैं। हमारा फंड पारम्परिक स्थिर आवंटन रणनीतियों के विपरीत, रीयल टाइम बाजार स्थिति के अनुकूल डिजाइन किये गये अद्वितीय आर ओ टी ए टी ई मॉडल पर आधारित है। बाजार रुझान और अस्थिरता के आधार पर परिसम्पत्ति वर्गों में पुनर्वितरण करके, हमारा लक्ष्य लगातार प्रदर्शन प्रदान करना है। मंदी के दौरान निवेशकों की सुरक्षा करते हुए तेजी के दौरान अवसरों को अधिकतम करना हमारा लक्ष्य है। यह स्ट्रेटजी ही आज के लगातार विकसित होते बाजार परिदृश्य को नेविगेट करने की कुंजी है। फंड का प्रबंधन निवेश पेशेवरों की एक अनुभवी टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा, जिसमें निराली भंसाली, उमेशकुमार मेहता और धवल घनश्याम धनानी शामिल हैं। उनकी सामूहिक विशेषज्ञता और रणनीतिक दृष्टिकोण फंड की अभिनव आर ओ टी ए टी ई रणनीति को लागू करने में सहायक होगा, जो एक गतिशील और उत्तरदायी निवेश दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगा।

## मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटा कर किया 6.3 फीसदी

**नयी दिल्ली** : बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। मॉर्गन स्टेनली ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को फिर से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है, जो इसके पहले के 6.7 फीसदी के अनुमान से कम है। बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर पहुंचने के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया है। इससे पहले मॉर्गन स्टेनली ने नवंबर की शुरूआत और दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर का लक्ष्य घटाकर 6.7 फीसदी कर दिया था।

# भारत दुनिया के शीर्ष 10 उच्च मूल्य वाले उत्पादों के निर्यातकों में शामिल

**नयी दिल्ली** : वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की यात्रा में भारत ने कई प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात में तीव्र वृद्धि दर्ज की है। देश ने वर्ष 2023 में 1 अरब डॉलर से ज?यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक कीमती पत्थरों के वैश्विक बाजार पर अपना दबदबा बनाने से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट जैसे उन्नत क्षेत्रों में पैठ बनाने तक भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दशार्ता है। मंत्रालय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 में निर्यात 0.23 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में 1.40 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई, जिससे 9वां स्थान हासिल हुआ, जो 2014 में 20वें स्थान से महत्वपूर्ण उछाल है। यह प्रगति वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जिससे घरेलू विनिर्माण और नवाचार को बढ़ाने के प्रयासों से समर्थन मिलता है। मंत्रालय के मुताबिक कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को विश्व नेता के रूप में स्थापित किया है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 2.64 अरब से बढ़कर वर्ष 2023 में 36.53 फीसदी हो गई। इसके साथ ही 1.52 अरब डॉलर के मूल्य के निर्यात ने भारत की सदियों पुरानी शिल्पकला और रत्न प्रसंस्करण में आधुनिक तकनीक को अपनाने को उजागर किया है। आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज गई है, जो 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 फीसदी है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ये वृद्धि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की बढ़ती वैश्विक मांग के अनुरूप है, जो भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है। मंत्रालय के मुताबिक पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) में नाटकीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में इसकी हिस्सेदारी 12.59 फीसदी हो गई है। इस महत्वपूर्ण छलांग ने भारत को उन्नत रिफाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है।

# मोबाइल ऐप का उपयोग करनेवाले एडवाइजर्स की उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि



**रांची** : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइजर्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइजर्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइजर्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइजर्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नये व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, कंपनी ने अपने एजेंसी चैनल से रिटेल वेटेज प्रीमियम में साल-दर-साल 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो ऐप द्वारा प्रदान की गई सुविधा को दर्शाता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, दिनेश टाक ने कहा, हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एडवाइजर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया।

## टीवी कलाकारों के लिए 2024 रहा सुखद व कामयाबी से भरा साल



**साल** 2024 खत्म होने वाला है और एण्डटीवी के कलाकार अपने कॅरियर की उपलब्धियों, व्यक्तिगत सफलताओं और यादगार पलों से भरे इस खास साल को याद कर रहे हैं। नई भूमिकाएं मिलने से लेकर व्यक्तिगत जीवन में मिली खुशियों तक, यह साल इन कलाकारों के लिये काफी अच्छा रहा है। इनमें आयुध भानुशाली, अमित भारद्वाज, हिमानी शिवपुरी और मनमोहन तिवारी, शामिल हैं। अटल में नन्हे आयुध भानुशाली ने बताया, यह साल मेरे लिए बेहतरीन रहा है। एण्डटीवी के अटल में नन्हे अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाना मेरे लिये एक सपने के सच होने जैसा था। इस भूमिका ने मेरे कॅरियर में चार-चांद लगाये हैं और मुझ पर विश्वास करने के लिये मैं पूरी टीम का आभारी हूं। 'भीमा' के अमित भारद्वाज ने कहा, 2024 ने सचमुच मेरी जिन्दगी बदल दी।

## पेज एक के शेष

**न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम : प्रधानमंत्री...**

का पत्थर साबित होगी।
मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को उत्पीड़न और शोषण के साधन के रूप में देखा जाता था। 1857 में देश के पहले बड़े स्वतंत्रता संग्राम के परिणामस्वरूप 1860 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू की गयी थी। कुछ वर्षों बाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया और फिर सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों का विचार और उद्देश्य भारतीयों को दंडित करना और उन्हें गुलाम बनाना था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता और दंडात्मक मानसिकता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। समय-समय पर कानूनों में बदलाव के बावजूद उनका चरित्र वही रहा। गुलामी की इस मानसिकता ने भारत की प्रगति को काफी हद तक प्रभावित किया है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अब औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। नयी न्याय संहिता के कार्यान्वयन के साथ, देश ने उस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। न्याय संहिता 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' की भावना को मजबूत कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार है।
मोदी ने कहा कि न्याय संहिता को समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय के विचारों से तैयार किया गया है। कानून की नजर में सभी समान होने के बावजूद व्यावहारिक वास्तविकता अलग है। गरीब लोग कानून से डरते हैं, यहां तक कि वे अदालत या पुलिस थाने में जाने से भी डरते हैं। नयी न्याय संहिता समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम करेगी।
प्रधानमंत्री ने सरकार के सभी विभागों, एजेंसी, अधिकारी और पुलिसकर्मियों से न्याय संहिता के नये प्रावधानों को जानने और उनकी भावना को समझने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे न्याय संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सक्रिय रूप से काम करें, ताकि इसका असर जमीन पर दिखाई दे। उन्होंने नागरिकों से इन नये अधिकारों के बारे में यथासम्भव जागरूक होने का भी आग्रह किया।
मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि नयी न्याय संहिता से हर विभाग की उत्पादकता बढ़ेगी और देश की प्रगति में तेजी आयेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो कानूनी बाधाओं के कारण बढ़ता है। पहले ज्यादातर विदेशी निवेशक न्याय में देरी के डर से भारत में निवेश नहीं करना चाहते थे। जब यह डर खत्म होगा, तो निवेश बढ़ेगा और इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो : हेमन्त...**

फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है, इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से सम्बन्धित बिन्दुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर की देश और राज्य में एक अलग पहचान होगी। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

**वित्त मंत्री ने लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 किया पेश...**

व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है।
सीतारमण ने इस विधेयक को लोकसभा में विचारार्थ और पारित करने के लिए पेश करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम -1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम -1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम -1955, बैंकिंग कम्पनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम -1970 और बैंकिंग कम्पनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में बदलाव लाने के लिए कुल 19 संशोधन प्रस्तावित किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में दावा न किये गये लाभांश, शेयर और ब्याज या बांड के मोचन को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने का भी प्रावधान है, जिससे व्यक्तियों को इस कोष से स्थानांतरण या रिफंड का दावा करने की अनुमति मिलेगी। इससे निवेशकों के हितों की रक्षा होगी। इस विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के मुताबिक बैंकिंग क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में काफी विकास हुआ है। इसे देखते हुए बैंक प्रशासन तथा निवेशक संरक्षण में सुधार के उद्देश्य से पांच अधिनियमों में कुछ संशोधन करना जरूरी हो गया है।

**विधेयक पर चर्चा मयार्दा में हो : संसदीय कार्य मंत्री**

नयी दिल्ली : संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक विधेयक पर चर्चा के दौरान मंगलवार को कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की टिप्पणियों पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि विधेयक पर चर्चा की कोई सीमा होनी चाहिए। चर्चा के दौरान आप प्रधानमंत्री पर आक्षेप नहीं कर सकते।
बैंकिग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री मोदी को उद्योगपति गौतम अडाणी को जोड़ते हुए टिप्पणियां की थीं। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से विरोध दर्ज कराया गया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता तीन बार से सदस्य हैं और उन्हें चर्चा का स्तर नहीं गिराना चाहिए। हम विपक्षी नेताओं को सम्मान देते हैं और विपक्ष को भी सम्मान देना चाहिए।
इसी बीच भाजपा नेता निशिकांत दूबे ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के नियम संख्या 94 के तहत कोई विधेयक पर चर्चा के दौरान पक्ष या विपक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन तार्किक बहस से बाहर सामान्य टीका टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।

पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने भी इसे दोबारा पढ़ा और कांग्रेस नेता को विषय केन्द्रित चर्चा के लिए कहा।

**तेल क्षेत्र (विनियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित...**

से अधिक का निवेश करना पड़ता है। कम्पनियों को इतना बड़ा निवेश करने के एवज में लाभ चाहिए होता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का मकसद इस क्षेत्र के लिए स्थिर कानून, विवाद निपटारा, एकल लीज आदि की वैधानिक व्यवस्था करना है। इससे किसी भी राज्य सरकार का अधिकार नहीं छीना जा रहा है, क्योंकि तेल क्षेत्र के आवंटन और उस पर रॉयल्टी का अधिकार राज्यों के पास ही है। उन्होंने चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा उठाये गये सवालों का जबाव देते हुए कहा कि देश में सात नहीं, बल्कि 72 दिनों के लिए अपात तेल भंडार है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2020 के बाद उत्पन्न वैश्विक स्थिति के कारण रूस से अधिक तेल खरीदा जा रहा है। पहले खाड़ी देशों से तेल का अधिक आयात किया जाता था लेकिन अभी इसमें कमी आयी है। हरदीप पुरी ने कहा कि तेल क्षेत्र (नियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 के अनुसार तेल क्षेत्र के विवाद के हल के लिए मध्यस्थता की व्यवस्था रहेगी और अधिकार क्षेत्र की व्यवस्था इसलिए है ताकि नियमों का उल्लंघन न हो। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम लीज का जिम्मा आज भी राज्यों के पास ही रहेगा।
मंत्री ने कहा कि भारत तेजी से ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य की ओर एक ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है, क्योंकि आज तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम 1948 में ऐतिहासिक संशोधनों को राज्य सभा में सफलतापूर्वक पारित कर दिया गया। प्रस्तावित युगांतकारी संशोधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व में भारत के ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूत और आगे बढ़ायेंगे तथा नीतिगत स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता, विस्तारित पट्टे अवधि आदि सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के तहत खनन पट्टे की परिभाषा में संशोधन किया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम के लागू होने से पहले दिए गए पट्टे खनन पट्टे कहलायेंगे। इसके बाद, उक्त शब्दावली का प्रयोग बंद कर दिया जायेगा और खंड (एफ) में परिभाषित पेट्रोलियम पट्टे शब्द का प्रयोग किया जायेगा।

**प्रेरणास्थल पर आन्दोलनरत 700 किसान गिरफ्तार, पुलिस लाइन ले जाया गया...**

बैठक बुलायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आन्दोलन के दौरान नोएडा पुलिस सभी किसानों को उठा कर ले गयी। पुलिस के इस कदम के बाद भारतीय किसान यूनियन में आक्रोश पैदा हो गया है। भारतीय किसान यूनियन ने ऐलान किया है कि मंगलवार शाम 04 बजे सिसौली (मुजफ्फनगर) में एक आपातकालीन पंचायत बुलायी गयी है, जिसमें किसानों से अधिकतम संख्या में पहुंचने की अपील की गयी है।
उधर, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि देश का किसान कमजोर नहीं है। यह मीटिंग नोएडा में होगी। हम बातचीत कर फिर बैठक करेंगे। किसानों को जहां लेकर जाया गया है, हम भी वहीं चले जायेंगे। अगले 02 घंटे में हम भी नोएडा पहुंच रहे हैं। हमको भी गिरफ्तार करो या फिर बातचीत करो।
भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता सुनील प्रधान ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर किसान लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे हैं। मांगें पूरी नहीं होने पर दिल्ली कूच की तैयारी की गयी, लेकिन अधिकारियों ने 07 दिन का समय मांगा। इस दौरान किसानों ने फैसला लिया कि रास्ते में दलित प्रेरणा स्थल में अब आगे 07 दिनों तक आन्दोलन किया जायेगा। वहां से अब पुलिस ने जबर्दस्ती किसानों को उठा लिया है। सभी को गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा है।

**हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ अभियान चलायेगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच...**

सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाल कर मंदिरों और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले रुकवाये। बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन को वैश्विक मंचों पर उठाया जाये। प्रभावित हिन्दू परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की जाये। एमआरएम के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल ने बताया कि 10 दिसंबर से मंच अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर मानवाधिकार सप्ताह मनायेगा। इस दौरान देशभर में मंच विरोध प्रदर्शन करेगा, जिसका उद्देश्य न केवल पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना है, बल्कि इस गम्भीर समस्या को वैश्विक स्तर पर उजागर करना भी है।
नयी दिल्ली के पहाड़गंज स्थित मंच के कार्यालय कलाम भवन में सोमवार देर रात तक चली बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अधिकारियों और कार्यकताओं ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दे पर गहन चिंतन किया। बैठक में मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, डॉक्टर माजिद तालिकोटी, शालिनी अली, सैयद रजा हुसैन रिजवी, गिरीश जुयाल, इमरान चौधरी, हाफिज साबरीन, शाकिर हुसैन, विराग पांचपीर, फारूक खान, ठाकुर राजा रईस, एसके मुद्दीन, अबु बकर नकवी, शाहिद सईद, अल्तमश बिहारी, इरफान अली पीरजादा समेत अनेक प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया।
मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने सम्भल में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। मंच का आरोप है कि सपा और कांग्रेस ने चुनावों में अपनी हार की खीज उतारने के लिए लोगों को भड़काया, अफवाहें फैलायीं और दंगे की साजिश रच कर शहर को हिंसा की आग में झोंक दिया। मंच के राष्ट्रीय संयोजक शाहिद अख्तर ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिन्ता व्यक्त की और लोगों से अपील की है कि वे अमन, शांति, सद्भाव और सौहार्द बनाये रखें। उन्होंने संविधान और न्यायपालिका के प्रति सम्मान बनाये रखने का संदेश दिया, ताकि समाज में शांति और स्थिरता बनी रहे।

# झारखंड में इंडस टॉवर्स की 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन' की गयी लॉन्च

- सौर ऊर्जा से चलने वाली डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा, प्रशिक्षण और आम सार्वजनिक सेवाएं करती है प्रदान




**रांची** : दुनिया की सबसे बड़ी टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स ने रांची, झारखंड में एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप करते हुए अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) लॉन्च की है। इस पहल का उद्देश्य रांची के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ियों में डिजिटल संसाधनों तक पहुंच बनाने में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। झारखंड के सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस विभाग की माननीय सचिव श्रीमती विप्रा भाल ने रांची के नेवरी विकास स्थित केराली पब्लिक स्कूल में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन का उद्घाटन किया। एक साल के भीतर डीटीवी रांची के 12 अलग-अलग गांवों को कवर करेगा और 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों, युवाओं, वयस्कों और बुजुर्गों की जरूरतों को पूरा करेगा। डीटीवी कंपनी के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम 'सक्षम' का हिस्सा है, जो 21-सीटर, सौर ऊर्जा से चलने वाला वाहन है। डीटीवी में इंटरनेट, नवीनतम कंप्यूटर, प्रिंटर, सॉफ्टवेयर और ई-लर्निंग टूल मौजूद हैं और इसमें लाइव-मॉनीटरिंग सुविधाएं भी हैं जो बुनियादी आईटी शिक्षा, साइबर सुरक्षा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और वित्तीय साक्षरता के लिए सर्टिफिकेट देने के साथ ही घर-घर मुफ़्त डिजिटल शिक्षा प्रदान करती हैं। इसी वाहन का उपयोग समुदाय के अनुरूप जागरूकता सत्रों और सामूहिक साक्षरता के लिए भी किया जाता है। सभी सत्रों का संचालन एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षक करते हैं, और समुदाय के अनुरोध पर अतिरिक्त सहायता भी प्रदान करते हैं। रांची में लोगों के डिजिटल कौशल को बढ़ाने वाली यह पहल भारत सरकार के डिजिटल साक्षरता मिशन के साथ जुड़ी हुई है। इस परियोजना में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष बैच शामिल हैं। इस परियोजना के दायरे में सरकारी शिक्षक, पुलिस अधिकारी, स्ट्रीट वेंडर, बच्चे और पर्यावरण संरक्षण एवं व्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कार्यरत संस्थान भी शामिल हैं जिनके सशक्तीकरण और कौशल विकास के लिए यह परियोजना सहायक वातावरण प्रदान करती है। इंडस टावर्स का मिशन है -सस्टेनेबल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं के जरिये जीवन को बदलना। इस मिशन के साथ चलते हुए, डीटीवी सभी उम्र और पृष्ठभूमि के छात्रों को डिजिटल साक्षरता, बुनियादी आईटी शिक्षा और साइबर सुरक्षा सहित मूल्यवान, मांग वाले कौशल प्रदान करता है।

## एक झलक

### नेपाल-चीन के बीच 9 एमओयू पर हस्ताक्षर

**काठमांडू** : प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान नेपाल और चीन के बीच मंगलवार को बीजिंग में कुल 9 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हालांकि बीआरआई प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते को लेकर दोनों पक्ष अभी मौन हैं। प्रधानमंत्री ओली की यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही बीआरआई से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर करना है लेकिन दोनों देशों ने अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद ढकाल के अनुसार दोनों देशों के बीच जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है वह टोखा-छहरे सुरंग के निर्माण का है। चीन की तरफ से इस सुरंग राजमार्ग को बनाने के लिए पूर्व संभाव्यता अध्ययन किया जाएगा। चीन की सीमा से काठमांडू को जोड़ने वाला यह सबसे कम दूरी का राजमार्ग होगा।

### अमेरिकी विदेश मंत्री लू 9-10 को नेपाल दौरे पर

**काठमांडू** : अमेरिका के दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू 9 एवं 10 दिसंबर को नेपाल के दौरे पर आ रहे हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस समय चीन के दौरे पर हैं। चीन के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौते पर नेपाल के हस्ताक्षर करने की चर्चाओं के बीच अमेरिकी मंत्री का नेपाल दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि लू नेपाल से पहले 03 से 08 दिसंबर तक भारत और श्रीलंका का भी दौरा करेंगे।

### तालिबान ने भारत से मांगा सहयोग

**काबुल** : अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने भारत से मजबूत राजनयिक और आर्थिक सहयोग की अपील की है। तालिबानी अधिकारियों का मानना है कि भारत-अफगानिस्तान के बीच गहरे रिश्ते बनाने से क्षेत्रीय राजनीति में पाकिस्तान के प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच तालिबान ने भारत से सहयोगी की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तालिबान ने भारत में राजदूत नियुक्त करने के लिए नजीब शाहीन समेत कई नाम प्रस्तावित किए हैं। यहां बताते चलें कि नजीब शाहीन, तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन के बेटे हैं। तालिबान ने कहा है कि भारत के साथ सहयोग से अफगानिस्तान की जनता की पाकिस्तानी व्यापार और आधारभूत सेवाओं पर निर्भरता कम होगी।

### इस्लामाबाद में हुए प्रदर्शन को देखते हुए सेना बैकफुट पर

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के हालात सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कभी आर्थिक तंगी तो कभी राजनीतिक अस्थिरता इस देश की नियती बन गई है। अब पाकिस्तान की सेना दो फाड़ हो गई है। दरअसल, जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को लेकर वहां की सेना दो हिस्सों में बंट गई है। इमरान खान की लोकप्रियता और बीते दिनों इस्लामाबाद में हुए उनके समर्थन में प्रदर्शन को देखते हुए सेना बैकफुट पर है। इस बीच इमरान खान के साथ जेल में चली तीन दौर की बातचीत बेनतीजा रही है।

# अटल इनोवेशन मिशन और स्वीडिश दूतावास ने शीस्टैम 2024 का महोत्सव मनाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) और स्वीडन दूतावास में विज्ञान और नवाचार कार्यालय, नॉर्डिक सहयोगियों-इनोवेशन नॉर्वे, इनोवेशन सेंटर डेनमार्क और बिजनेस फिनलैंड के साथ साझेदारी में शीस्टैम 2024 के आयोजन का सफल समापन हुआ। यह वार्षिक पहल एसटीईएम में महिलाओं के योगदान का महोत्सव मनाती है। इसके अलावा युवा सोच को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (एसटीईएम) में करियर तलाशने के लिए प्रोत्साहित करते हुए आगामी पीढ़ी के नवप्रवर्तकों को प्रेरणा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। नीति आयोग ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के मिशन निदेशक डॉ. चिंतन वैष्णव ने इस आयोजन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एआईएम को युवा प्रतिभा, नवाचार और भारत के छात्रों की असीम क्षमता के उत्सव, शीस्टैम 2024 का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस वर्ष की चुनौती, ऊर्जा भंडारण और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीधे तौर पर कुछ सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करती है। इस क्षेत्र में छात्रों को शामिल करके हम न केवल भविष्य के एसटीईएम प्रमुखों को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि उन्हें एक स्थायी और प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त भी बना रहे हैं।



शीस्टैम 2024 की सफलता युवाओं के नेतृत्व वाले नवाचार की अविश्वसनीय क्षमता और एक स्थायी भविष्य के निर्माण में स्टैम शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। इस आयोजन ने युवा सोच को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया है, और एआईएम अगली पीढ़ी के विचारकों, रचनाकारों और प्रमुखों को समर्थन और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शीस्टैम 2024 चुनौती में देशभर के कक्षा 6 से 12 के छात्रों को बैटरी प्रौद्योगिकी और ऊर्जा भंडारण (बीईएसटी) प्रणालियों पर केंद्रित अभिनव विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

आयोग के मुताबिक भारत-नॉर्डिक बीईएसटी परियोजना के अंग के तहत इस चुनौती का उद्देश्य ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाकर स्थिरता को बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों को दो मिनट के वीडियो प्रारूप में ऊर्जा भंडारण और स्थिरता के लिए अपने प्रोटोटाइप या अवधारणाएँ प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया था। प्रतियोगिता को शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिसमें एक हजार से अधिक प्रस्तुतियाँ भारत के युवाओं की रचनात्मकता, समस्या-समाधान कौशल और भविष्य की सोच वाली मानसिकता को प्रदर्शित करती हैं। प्रस्तुत विचारों ने युवा नवोन्मेषकों की जबरदस्त क्षमता को प्रदर्शित किया और वे स्थिरता, प्रौद्योगिकी और विज्ञान में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि शीस्टैम 2024 ने मात्र एक प्रतिस्पर्धा के रूप में ही नहीं अपितु छात्रों को महत्वपूर्ण स?टैम विषयों से जुड़ने और वैश्विक स्थिरता प्रयासों में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने सहयोग और टीमवर्क के महत्व का भी विशेष रूप से भी उल्लेख करते हुए आज की चुनौतियों का समाधान करने में सामूहिक नवाचार की शक्ति को रेखांकित किया गया।

## एलएसी के कुछ क्षेत्रों पर समझ का अभाव

# चीन से वार्ता में सीमा पर अमन-चैन को प्राथमिकता : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है।

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। दोनों पक्षों (भारत और चीन) को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए। किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव है।

विदेश मंत्री ने सदन को डेप्सांग और डेमचोक के संबंध में 21 अक्टूबर, 2024 को हुए समझौते के बारे में सूचित किया। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों को लेकर अस्थिरता की स्थिति और इनके द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव को देखते हुए समझौता जरूरी था। हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में अग्रिम तैनाती हटाने को लेकर अंतिम समझौता होने के बाद से दोनों क्षेत्र सितंबर 2022 से चीनी पक्ष के साथ डब्ल्यूएमसीसी और एसएचएमसी दोनों में हमारी चर्चाओं का केंद्र रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान एक बैठक की। उन्होंने इस सहमति का स्वागत किया और विदेश मंत्रियों को बैठक कर संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया। विशेष प्रतिनिधियों को सीमा प्रश्न का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशने के अलावा शांति और सौहार्द्र के प्रबंधन की देखरेख भी करनी है।




### कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ हुआ आमना-सामना

**जयशंकर** ने कहा कि सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द्र भंग हुआ था। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, जिससे हमारे संबंधों में कुछ प्रगति हुई है। सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्षों और उससे पहले की घटना के परिणामस्वरूप चीन अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5,180 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया, जो 1948 से उसके कब्जे में है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। सीमा विवाद के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने सदस्यों को याद दिलाया कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों को एकत्र करने के परिणामस्वरूप कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ आमना-सामना हुआ।

# दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति नयी दिल्ली में वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्त्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को दिव्यांगजनों को सहज और समान महसूस कराना चाहिए। उन्हें हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। सही मायनों में वही समाज संवेदनशील कहा जा सकता है, जिसमें दिव्यांगजनों को समान सुविधाएं और अवसर मिलें।

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, उनके कौशल का विकास करना, रोजगार प्रदान करना, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करना उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ायेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग होना किसी भी तरह की कमी नहीं है। यह एक विशेष स्थिति है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, उन्हें दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत है...उन्हें विशेष ध्यान की नहीं, बल्कि स्वाभाविक स्नेह की जरूरत है।



### आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा** : उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है।

### महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू नहीं कर रहीं दिल्ली व प. बंगाल की सरकार : अन्नपूर्णा




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम सरकार पर केन्द्र की योजनाओं को नहीं लागू करने का आरोप लगाया। शास्त्री भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने अभी तक राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन को नहीं लागू किया। इसके साथ फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएस) का संचालन भी नहीं किया, जबकि पश्चिम बंगाल में 49,580 बलात्कार और पोक्सो मामले सामने आये हैं। इन मामलों के बाद भी 11 विशेष अदालतों को शुरू करने की दिशा में कदम नहीं उठाये गये।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिल्ली सरकार भी महिलाओं के सुरक्षा को लेकर गम्भीर नहीं है। दिल्ली सरकार ने संकट में महिलाओं की सहायता के लिए निर्भया कोष के तहत स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि केन्द्र ने निर्भया फंड जैसी पहलों के माध्यम से लगातार राज्यों का समर्थन किया है।

# पश्चिम बंगाल में 08 और देशभर में 28 निजी मेडिकल कॉलेजों पर ईडी का छापा

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के आठ गैर सरकारी मेडिकल कॉलेजों और देशभर में कुल 28 मेडिकल कॉलेजों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार की सुबह छापा मारा है। इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल कॉलेज मालिकों के घरों और संस्थानों को खंगाला जा रहा है। ईडी सूत्रों के अनुसार, पूर्व माकपा सांसद लक्ष्मण सेठ के हल्दिया स्थित घर और उनकी स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित मेडिकल और डेंटल कॉलेज में कार्रवाई चल रही। इसके साथ ही बर्धमान, बीरभूम और कोलकाता के तारातला इलाके के मेडिकल कॉलेजों में भी तलाशी अभियान जारी है।

### ईडी का ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर छापा, 31.22 करोड़ रुपये फ्रीज



**नयी दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स थ्री सी शेल्टर्स प्रा.लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गयी।

### अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट पर बढ़ायी सुरक्षा

**अगरतला** : त्रिपुरा पुलिस ने मंगलवार को 'बांग्लादेश चलो अभियान' रैली के मद्देनजर अगरतला के अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। चेकपोस्ट पर बैरिकेडिंग की गई है। यह विरोध बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और इस्कॉन सदस्य चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी के खिलाफ किया जा रहा है। विरोध कार्यक्रम अगरतला में रवींद्र शाता बार्शिकी भवन के सामने शुरू हुआ। त्रिपुरा पुलिस ने कहा कि आज एक समूह ने बांग्लादेश चलो अभियान नामक विरोध रैली का आयोजन किया है। उन्होंने इसके लिए अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगरतला-अखौरा एकीकृत चेक पोस्ट के पास अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

# सामंथा ने भावुक पोस्ट कर दी पिता के निधन की जानकारी




**मुंबई** : साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के पिता जोसेफ प्रभु का बीते दिनों निधन हो गया। अपने पिता के निधन की जानकारी सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए दी थी। उन्होंने इस पोस्ट में अपने पिता के लिए दिल से शब्द लिखे थे, जिससे उनकी गहरी भावना झलक रही थी। वहीं, सामंथा और उनके पिता से जुड़ी कुछ पुरानी बातें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें जोसेफ प्रभु ने अपनी बेटी के तलाक के बारे में भी अपने विचार व्यक्त किए थे। सामंथा ने कई सालों तक नागा चैतन्य को डेट करने के बाद 2017 में उनसे शादी की थी, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल सका। चार साल के भीतर ही दोनों ने 2021 में अलग होने का फैसला कर लिया। सामंथा का घर बिखरते देख उनके पिता जोसेफ का दिल टूट गया था, और उन्होंने फेसबुक पर अपनी भावनाओं को साझा करते हुए इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। जोसेफ प्रभु ने कहा था कि सामंथा और चैतन्य के तलाक की खबर उन्हें उतनी ही हैरान करने वाली लगी थी, जैसे आसमान से बिजली गिरी हो। इस खबर को समझने में उन्हें वक्त लगा था। उन्होंने कहा था, अपनी भावनाओं को समझने में बहुत वक्त लगा, क्योंकि जिंदगी में दुख में फंसे रहने का वक्त नहीं होता। यह शब्द उनके भीतर के दुख और उस समय की गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं, जब वह अपनी बेटी के व्यक्तिगत जीवन में आ रहे उतार-चढ़ावों से जूझ रहे थे। सामंथा के सुपरस्टार बनने के बाद भी उनके पिता जोसेफ ज्यादातर लाइमलाइट से दूर रहते थे, लेकिन उनके जीवन के इस अहम मोड़ पर उन्होंने अपनी भावनाओं को साझा किया, जो अब सोशल मीडिया पर एक बार फिर सुने जा रहे हैं।

# हिन्दू संत चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली जमानत, भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका

एजेंसी

**ढाका** : बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब से वह जेल में हैं।

बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी




(अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी।

इस बीच ढाका ट्रिब्यून ने भारतीय टीवी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध के संबंध में चौंकाने वाली खबर दी है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस संबंध में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है। यह याचिका वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने दायर की है। भुइयां ने बताया कि जस्टिस फातिमा नजीब और जस्टिस सिकदर महमूदुर रजी की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में खासतौर पर भारतीय चैनल स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला का जिक्र किया गया है। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग और अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

### बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री यूनुस के विरोध में लगाये गये पोस्टर

**बांग्लादेश** में हिन्दुओं पर अत्याचार और हमले थम नहीं रहे हैं। आए दिन बांग्लादेश के किसी न किसी कोने से इस तरह के हमले की घटनाएं और वीडियो सामने आते रहते हैं। बांग्लादेश स्थित इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। इसको लेकर वहां पर अल्पसंख्यकों ने भारी विरोध किया और उनकी रिहाई की मांग की। इसके बाद से भारत में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के खिलाफ आवाज उठने लगी है। बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के विरोध में पोस्टर



लगाए गए हैं। सिलीगुड़ी के कुछ शैक्षणिक संस्थानों के सामने सड़क पर मोहम्मद यूनुस के खिलाफ पोस्टर लगे मिले हैं। इनमें उनके लिए जो लिखा गया है, उसमें भारत के लोगों गुस्सा साफ झलक रहा है। दरअसल, बांग्लादेश में राजनीतिक अशांतिके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया। इसके बाद से वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिन्दुओं के खिलाफ व्यापक पैमाने पर अत्याचार और हमले किए जा रहे हैं। आरोप है कि सरकार के गुप्त समर्थन से वहां की कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हो रही हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी सोशल मीडिया पर भारत विरोधी टिप्पणियां कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले और घटनाओं के विरोध में सिलीगुड़ी में मोहम्मद यूनुस के विरोधी पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में लिखा है कि इस पोस्टर पर थूको और चेहरे पर जूता मारो।